आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 3, अंक 308, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## भीषण उमस से राहत मिलने की आस, आज से बारिश के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मौसम विभाग ने दिए अच्छी बारिश के संकेत, 55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी आने और बिजली गिरने का अलर्ट

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। तेज हवा चलने और आंधी का भी अंदेशा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में आंधी और बौछारों की संभावना है।

## महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा, नारेबाजी

### थाना प्रभारी ने साउंड बॉक्स कम करने को कहा तो भड़का विवाद, अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत, श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आठ घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित जयकारे के साथ यात्रा शुरू

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक



पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाए और रथयात्रा निकालने में जुट गए।

### अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

## युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

### विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

## भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता कर सकता है अमेरिका

### व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

## प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।

### 1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

### श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।


## चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा


**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

# फत्तेपुर में रात को गई बिजली सुबह आई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर का मौसम गुरुवार रात को ठीक था, लेकिन बावजूद इसके कर्रही सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले फत्तेपुर क्षेत्र में पूरी रात बिजली गुल रही। बिजली नहीं आने की वजह से क्षेत्र के करीब 10 हजार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली न आने से नाराज लोगों ने सबस्टेशन में जाकर केस्को अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और केस्को के टोल फ्री नंबर पर कॉल की। आरोप है कि काफी प्रयासों के बाद टोल फ्री नंबर मिला, तब शिकायत दर्ज कराई गई और तब भी बताए गए समय पर बिजली नहीं आ सकी। इसी तरह आनंदपुरी, बाकरगंज, टीपी नगर, मुंशीपुरवा, बेगमपुरवा व अजीतगंज में भी बिजली रात 11 बजे से देर रात तीन बजे तक गुल रही। वहीं, मोतीझील व पाम कोर्ट फीडर से जुड़े घरों में बिजली दोपहर दो बजे से सुबह चार बजे तक गुल रही। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि 11केवी की भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से फत्तेहपुर, 33केवी के ब्रेकर में फॉल्ट होने से बाबूपुरवा के छह फीडरों और इनकमर नंबर एक में फॉल्ट होने से मोतीझील व पाम कोर्ट की आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिनको दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की गई। वहीं, केस्को के टोल फ्री नंबर 1912 पर 1074 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमे से केस्को द्वारा 785 शिकायतों का निस्तारण किया गया।



- आठ फीडरों से जुड़े घरों में भी रात को बिजली संकट रहा

# डीएम साहब! ये रिश्वत केडीए में पहुंचवा दीजिएगा...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


- जिलाधिकारी के पास रिश्वत की चेक लेकर पहुंचा पीड़ित, हड़कंप
- कहा, रिश्वत की चेक देकर हमारे मकान की रजिस्ट्री करवा दीजिए
- पीड़ित का आरोप, केडीए के विशेष कार्याधिकारी 30,000 मांग रहे

**अमृत विचार।** केडीए से पीड़ित एक नागरिक 30 हजार रुपये की चेक लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के पास पहुंच गया और बोला कि सर, ये रिश्वत की चेक केडीए में दे दीजिए और हमारे मकान की रजिस्ट्री करा दीजिए। केडीए के विशेष कार्याधिकारी 30,000 रुपये मांग रहे हैं। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान पीड़ित नीरज गुप्ता जिलाधिकारी के पास पहुंचे और उन्हें बताया कि एक कालोनी की रजिस्ट्री कराने के नाम पर केडीए के एक विशेष कार्याधिकारी 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं।



नीरज गुप्ता।



डीएम को सौंपी चेक व शिकायती पत्र। अमृत विचार

पीड़ित नीरज गुप्ता ने बताया कि सोमनाथ उपाध्याय के नाम से एल-349 डबल स्टोरी बर्रा 6 में केडीए ने मकान आवंटित किया था। सोमनाथ की 24 सितंबर 2011 को मृत्यु हो गई। फिर ये मकान सोमनाथ की पत्नी रेनू उपाध्याय, उनके तीन बेटे उपदेश, स्वतंत्र और स्वदेश के नाम हो गया। पीड़ित नीरज गुप्ता के मुताबिक 7 जून 2024 को केडीए में मकान की रजिस्ट्री कराने के नाम पर एकल विंडो प्रक्रिया के तहत आवेदन किया था। इसके बाद उनका संपर्क जोन 3 के एक अधिकारी से हुआ जिन्हें पूरी बात बताई तो अधिकारी ने कहा कि हम पावर ऑफ अटार्नी नहीं मानते हैं इसलिए आपकी रजिस्ट्री नहीं हो सकती।

नीरज गुप्ता ने केडीए के अधिकारी के नाम से रिश्वत की 30 हजार की चेक जिलाधिकारी को सौंपी। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। उधर केडीए के अधिकारी का कहना है कि मेरे पास नीरज गुप्ता के नाम से अभी तक कोई फाइल नहीं आई है। जो भी आरोप लगाए गए हैं, वह निराधार हैं। मेरे संज्ञान में अभी ये मामला नहीं आया है।

# इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका को भी झुका दिया था

## आपातकाल में लोकतंत्र और संविधान का गला घोटा गया, मौलिक अधिकारी और नागरिक स्वतंत्रता छीन ली गई थी: मौर्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और संविधान लोकतंत्र का रक्षक। संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता की आधारशिला है, लेकिन 25 जून 1975 से 31 मार्च 1977 तक देश में सत्ताधारी नेताओं द्वारा इन सभी मूल्यों का गला घोटा गया। संवैधानिक शब्दावली में इस कालखंड को आपातकाल कहा गया। आपातकाल में इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका, जो लोकतंत्र की रक्षा की अंतिम संस्था है, उसको भी झुकने पर मजबूर कर दिया था। आज सपा के मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस की गोद में बैठे हैं, सपा अब पहले जैसी समाजवादी पार्टी नहीं है। यह बातें सीएसजेएमयू में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

सीएसजेएमयू के बीटेक हाल में शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। मौर्य ने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया। वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अदालत ने अवैध ठहराया था, उनपर छह साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

इस पर कांग्रेस ने पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया। नागरिक अधिकारों को रौंदा और विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा गया। यह आपातकाल एक परिवार के सत्ता मोह का परिणाम था। यदि गांधी परिवार देश की राजनीति पर वर्चस्व स्थापित करने में सफल नहीं हुआ होता तो आज भारत दुनिया का नंबर एक देश बन चुका होता। कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए न केवल संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया, बल्कि नागरिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों को स्थगित करके भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर भी कुठाराघात किया था।





मॉक पार्लियामेंट में मौजूद अतिथि और सम्मानित किए गए लोकतंत्र सेनानियों के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी आदि। अमृत विचार

- सपा अब पहले जैसी नहीं रही, इसके मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस की गोद में बैठे
- गांधी परिवार राजनीति में वर्चस्व की नीति न रखता तो भारत नंबर-1 देश होता
- सीएसजेएमयू विश्वविद्यालय में भाजयुमो की मॉक पार्लियामेंट का आयोजन

### मॉक पार्लियामेंट में यह लोग रहे मौजूद

- मॉक पार्लियामेंट चार सत्र में शुरू हुआ, प्रथम सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने युवाओं का मार्गदर्शन किया, द्वितीय सत्र में महापौर प्रमिला पांडे व बिल्हौर के विधायक राहुल सोनकर बच्चा ने आपातकाल में हुई घटना की जानकारी दी। तीसरे सत्र में सांसद रमेश अवस्थी व एमएलसी सलिल विश्नोई ने आपातकाल में कानपुर व देश में पड़े प्रभाव से अवगत कराया। चतुर्थ सत्र में मंत्री असीम अरुण ने युवाओं को सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सचिन शुक्ला, खेमराज शर्मा, शिखा मिश्रा, सौरभ पटेल, उज्जवल सिंह, अंकित अग्रवाल, सुभाष यादव, शैलेंद्र शर्मा, शिवांग मिश्रा, अंकित गुप्ता, रविंद्र सिंह चौहान, मधुराज विश्वकर्मा, मयंक बुंदेला, ऋषभ शुक्ला, पवन पांडे व विनीत सिंह राठौड़ आदि रहे।

### इटावा कांड: दूध में नींबू डाल रही सपा

- केशव प्रसाद ने कहा कि असली समाजवादी वह लोग थे, जिन्होंने कांग्रेस से संघर्ष किया था। अखिलेश यादव तो राहुल गांधी की गोद में बैठ गए हैं। इटावा की घटना को अखिलेश यादव ब्राह्मण बनाम यादव की लड़ाई के रूप में फैलाना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, लेकिन जिस तरह से भागवत कथावाचकों को अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यालय बुलाकर यादवों के रूप में उनका सम्मान किया। यह ठीक नहीं है। इटावा की घटना में अखिलेश यादव और सपा नेताओं का रवैया दूध में नींबू डालने जैसा है। समाज को जातिवादी जहर से बांटने की कोशिश करना और लोगों को भड़काना सामाजिक अपराध है। सपा जो काम राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है, वही उसे समाप्तवादी पार्टी बनाएगा।

## सार-संक्षेप

### कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन इटावा जिले में संचालित कृषि इंजीनियरिंग मत्स्य एवं डेरी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज में यूपी कैटेट के माध्यम से चार वर्षीय इंजीनियरिंग स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए जाएंगे। यूपी कैटेट परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। इसमें पास अभ्यर्थी इटावा के कृषि इंजीनियरिंग, डेरी इंजीनियरिंग व मत्स्य कॉलेज में दाखिला ले सकेंगे। प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन जुलाई माह में शुरू होंगे। ऐसे युवा जिन्होंने जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है वे अपना पंजीकरण एकेटीयू के पोर्टल पर कराकर इटावा के इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक पाठ्यक्रम के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग व मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लेने के लिए काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे। सीएसए विवि की ओर से बताया गया कि प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून है। इटावा इंजीनियरिंग कॉलेज में पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। पिछले वर्ष तथा वर्तमान वर्ष में इटावा इंजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल के सभी छात्रो को प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। कॉलेज में छात्रों को एकल हॉस्टल रूम विथ वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध है।

### आईटीआई के जर्जर कमरे, भवन ठीक होगा

**कानपुर।** आईटीआई पांडु नगर की इमारत और जर्जर कमरों की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए संस्थान की ओर से महानिदेशालय में प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रस्ताव के पास होने के बाद इमारत का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। आईटीआई पांडु नगर में युवा 31 ट्रेड में प्रशिक्षण लेने आते हैं। संस्थान के लगभग एक चौथाई कमरों की स्थिति बेहतर नहीं है। कुछ कमरों में बारिश के मौसम में सीलन तक आ जाती है। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा ने बताया कि संस्थान की ओर से प्रस्ताव भेजा जा चुका है। प्रस्ताव के स्वीकार होते ही संस्थान में सुविधाएं बढ़ाए जाने का काम शुरू हो जाएगा।

### गेटमैन के पत्थर से राहगीर घायल, रिपोर्ट

**कानपुर।** जरीबचौकी रेलवे क्रासिंग के पास गेटमैन का चलाया पत्थर राहगीर के सिर पर लगा। जख्मी राहगीर ने गेटमैन के खिलाफ सीसामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीसामऊ निवासी धीरज सिंह के अनुसार गुरुवार शाम वह दुकान जाने के लिए घर से पैदल जरीब चौकी क्रासिंग पहुंचे, वहां वाहन में बैठने जा रहे थे, तभी क्रासिंग गेटमैन ने पत्थर चला दिया। जो उसके सिर पर लगा। जिससे सिर पर चोट आई। पीड़ित ने गेटमैन के खिलाफ सीसामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि ट्रेन के आने की सूचना पर गेटमैन फाटक बंद करने पहुंचा तो लाइन पर ई-रिक्शा व अन्य सवारी वाहन खड़े थे, जो हट नहीं रहे थे। गेटमैन ने एक गिट्टी उठाकर डराने के इरादे से फेंकी थी, जो धीरज को जा लगी। रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### वृद्धा से चेन लूट का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी के श्यामनगर में मॉर्निंग वॉक के दौरान वृद्धा की चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। श्यामनगर डी-ब्लॉक निवासी वृद्धा मालती शिरोमणि से 12 जून को स्कूटी सवार लुटेरों ने हरिहर धाम के पास चेन लूटी थी। घटना के 13 दिन बाद पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। थाना प्रभारी चकेरी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान सफीपुर प्रथम निवासी गौरव निषाद उर्फ अनुराग और बाबूपुरवा निवासी सलमान के रूप में हुई थी। गुरुवार देर रात को आरोपी गौरव को पुलिस ने चेकिंग के दौरान श्यामनगर के न्यौरा गांव के पास से बाइक सहित पकड़ा है। आरोपी के पास से लूटी चेन, चार हजार रुपये और चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में बलवा, लूट, मारपीट व गुंडा एक्ट समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। उसे मार्च माह में जिला बदर किया गया था।

### डायग्नोस्टिक सेंटर में मारपीट, स्टॉफ के साथ छेड़छाड

**कानपुर।** कल्याणपुर में निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में मरीज के साथ आए दर्जन भर युवकों ने मारपीट की। महिला स्टॉफ के साथ छेड़छाड़ के भी आरोप लगे है। पुलिस जांच कर रही है। पनकी रोड कल्याणपुर में स्थित निजी डायग्नोस्टिक सेंटर है जहां पर शुक्रवार शाम को एक दर्जन युवकों ने एक मरीज के साथ मारपीट की। आरोप है कि महिला स्टॉफ ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने महिला स्टॉफ के साथ गाली गलौज और छेड़छाड़ की। संचालक सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि पुलिस से शिकायत की बात कहने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। उन्होंने तहरीर दे दी है। पुलिस डायग्नोस्टिक सेंटर में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखकर घटना की जांच कर रही है।

# हज पर जाने वाले तैयारी रखें, अगले माह आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 31 दिसंबर 26 तक पासपोर्ट वैध होना चाहिए

**अमृत विचार।** हज 2026 के ख्वाहिशमंद हज पर जाने के लिए हज कमेटी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार अगले माह से आवेदन करें। इस बाबत सऊदी सरकार एवं हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई ने आवेदन के लिए हरी झंडी दे दी है, ये पहला मौका है जब हज 2025 वापसी के तुरंत बाद 2026 की तैयारियां शुरु की गई है। वैसे हज-2026 की अधिकारिक घोषणा जुलाई, 2025 में संभावित है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि हज-2026 की यात्रा पर जाने के लिए इच्छुक हज आवेदक हज-2026 की यात्रा पर जाने के लिये उपरोक्तानुसार आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय सीमा के अन्दर तैयार करा लें ताकि हज-2026 के लिए समय पर आवेदन कर सकें। उन्होंने बताया कि सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ०प्र० राज्य हज समिति ने कहा है कि हज-2026 के इच्छुक हज आवेदकों का पासपोर्ट 31 दिसंबर 2026 तक वैध होना चाहिए। पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा।

हज-2026 के आवदेन के लिए पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। हज-2026 की यात्रा पर जाने के लिए इच्छुक आवेदक जो नये पासपोर्ट का आवेदन कर रहे हैं उनको सलाह दी जाती है कि अपने पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोंड़े। इच्छुक आवेदक अपना मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखें।

# आयोग उपाध्यक्ष ने देखा महिला चिकित्सालय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अतिरिक्त वृद्धा आश्रम किदवई नगर, बालिका शरणालय स्वरूप नगर, वन स्टॉप सेंटर गोल चौराहा रावतपुर, जिला महिला बंदीगृह एवं जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं।

शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान स्वरूप नगर स्थित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों से संवाद करते हुए वृद्धावस्था पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। वृद्धजनों को फल वितरित किए गए। राजकीय बालगृह (बालिका) के नवीनीकरण और सुधार के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिशा-निर्देश दिए। महिला चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा वार्ड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नवजात बालिकाओं के परिवारों को बेबी किट प्रदान की। जिला कारागार की महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिन्दूर एवं रुद्राक्ष के पौधों का वृक्षारोपण किया।



सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करतीं उ.प्र. राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव। अमृत विचार

**पीड़ित महिलाओं को तुरंत राहत दें:** सर्किट हाउस में बैठक में उपाध्यक्ष ने महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, पुलिस उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार, कन्याभ्रूण, गर्भपात, यौन उत्पीड़न, दहेज हत्या, मानव तस्करी, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि अपराधों पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों से जानना चाहा कि इन मामलों में पीड़ित की क्या मदद की गई।

बैठक में उपायुक्त महिला अपराध, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), सहायक पुलिस उपायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी महिला थाना, वन स्टॉप सेंटर के सेंटर मैनेजर, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**गरम तेवर** समाजवादी पार्टी ने मेरे लिए दरवाजा बंद किया तो भाजपा में आ गए : डा. संजय निषाद

# भाजपा का दरवाजा बंद होगा तो दूसरा खटखटाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा है कि हमारे पास वोटबैंक की सेना रहेगी तभी हमें मोदी, योगी और भाजपा गले लगाएगी। समाजवादी पार्टी ने हमारे लिए दरवाजे बंद कर दिये थे, तब हम भाजपा में आये। भाजपा अगर दरवाजा बंद करेगी तो हमें कहीं न कहीं जाना पड़ेगा। दूसरा दरवाजा खटखटाएंगे। निषाद पार्टी को मजबूत करेंगे

सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में मंत्री निषाद ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्री ने साफ कहा कि हमारे पास वोटबैंक की सेना होगी, तभी भाजपा हमको गले लगाएगी। उन्होंने इटावा की घटना पर कहा कि ये घटना निंदनीय है।



निषाद बलिदान दिवस में पहुंचे मंत्री डॉ. संजय निषाद। अमृत विचार

- निषाद सेना रहेगी, तभी भाजपा पूछेगी, निषाद पार्टी को मजबूत करेंगे
- ओबीसी नहीं, हमें अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाना चाहिए था

**निषाद बलिदान स्मृति दिवस में गए:** डॉ. संजय निषाद ने सर्किट हाउस आने से पहले सत्तीचौरा घाट में निषाद बलिदान स्मृति दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश को आजाद कराने में 578 जातियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लेकिन आज ये जातियां भुखमरी के कगार पर हैं। 2013 में हमारी जातियों को ओबीसी में डाल दिया जबकि हमें अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इन जातियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार का अवसर दिया जाए। उन्होंने जाति जनगणना का समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। सर्किट हाउस से निषाद समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया और मैस्कर घाट तक जुलूस निकाला। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे थे। मंत्री के साथ दर्जनों वाहनों का काफिला था जिससे सर्किट हाउस से जाजमऊ जाने वाला मार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा।

# दुकानदारों ने युवकों को पीटा

**कानपुर।** गंगा बैराज पर गाली-गलौज के विरोध में दुकानदारों ने युवक व उसके दोस्तों को पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। हंसपुरम आवास विकास निवासी अमन सैनी ने तहरीर दी। जिसके अनुसार बुधवार शाम वह दोस्त सनी गौतम व उज्जवल के साथ गंगाबैराज घूमने गए थे।

दुकान पर मैगी खाने के दौरान अन्य दुकानदारों ने गाली-गलौज की। विरोध पर मारपीट की। एक दुकानदार ने अमन के सिर पर ईंट मारकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैने अपना नाम ललित कुमार थावनानी से बदलकर ललित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे ललित कुमार के नाम से जाना जाए। – **ललित कुमार पुत्र द्वारिका दास, 122/516 सिंधी कालोनी, शास्त्री नगर कानपुर 208005**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम हसन मेंह्दी राजू से से बदलकर हसन मेंहदी पुत्र श्री मो0 मेंहदी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हसन मेहदी पुत्र मो0 मेंहदी 66, गोलागंज, मकबरा अलिआ लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. रामदेव के द्वारा कराई गई पॉलिसी संख्या 276431173 में मैं ममता नामिनी हूं। पॉलिसी में मेरा नाम मन्होत्रा अंकित है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में ममता अंकित है जो सही है। दोनों नाम मेरा ही है। लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाए। **ममता पत्नी रामदेव ग्राम व पोस्ट सरैया बंधुआकला, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद इलियास से बदल कर मोहम्मद इलियास इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इलियास इकबाल 164/ 62 वी, फुल झाऊ लाल, अमीनाबाद, लखनऊ**

**सूचना**

मैं सूचित करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम अनुष्का श्रीवास्तव और उसके पिता का नाम अनुज कुमार आधार कार्ड में गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव उसके स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है। अतः मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और उसके पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव आधार कार्ड में सही दर्ज किया जाए। **रश्मि श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अनुज कुमार श्रीवास्तव निवासिनी– बी–102, प्लॉट नं0 48 विमल नगर, कामता, चिनहट, लखनऊ– 227105**


**सूचना**

मैं KM SAGAR MATI YADAV W/O ANIL KUMAR जाति–अहीर, निवासी–ग्राम–नोनरा, पोस्ट–टिकरिया, तहसील–सदर, थाना–धम्मौर, जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228001 है। मेरे पति अनिल कुमार जिनका आर्मी नं0 16019669K है जिसमें आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI SAGAR MATI YADAV दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV अंकित है जो सत्य व सही है। अतः मेरे पति ANIL KUMAR के आर्मी के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV दर्ज किया जाय।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:06 |






पनकी महंत जितेंद्र दास और कृष्णदास के साथ सैकड़ों भक्तों ने जमकर हंगामा किया। अमृत विचार



पुलिस से भक्तों की जमकर नोकझोंक हुई। अमृत विचार

# महंत के आत्मदाह के ऐलान से मचा हड़कंप

## मुख्यमंत्री तक पहुंचा मामला तो थाना प्रभारी को सस्पेंड किया गया, जगन्नाथ रथयात्रा में भारी व्यवधान

**रथयात्रा में बवाल**

- दोपहर 12 बजे से रात आठ बजे तक चलता रहा हंगामा
- कई दलों के नेता-विधायक और व्यापारी नेताओं ने बढ़ाई भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जगन्नाथ रथयात्रा में महंतों से अभद्रता पर दोपहर में शुरू हुआ बवाल आठ घंटे तक चला। महंत, सैकड़ों भक्त और व्यापारी धरने पर बैठकर नारेबाजी करते रहे लेकिन पुलिस अधिकारी अभद्रता के आरोपी बादशाहीनाका थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह को सस्पेंड करने को राजी नहीं थे। पंचमुखी पनकी हनुमान मंदिर के महंत, एमएलसी, विधायक व भाजपा नेताओं व व्यापारियों के धरने पर बैठने से दोपहर बाद पीपल वाली कोठी के पास भीड़ बढ़ने लगी। इसी बीच देर शाम महंत जितेंद्र दास ने बादशाहीनाका थाना प्रभारी का निलंबन न होने पर आत्मदाह का ऐलान कर दिया तो मामला गर्मा गया। भाजपा नेताओं ने इसकी जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में फोन करके दे दी। इसके बाद थाना प्रभारी को निलंबित किया गया।

पीपल वाली कोठी चौराहा पर दोपहर 12 बजे से हंगामा शुरू हुआ था। आरोप है कि बादशाहीनाका थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने रथयात्रा के वाहनों से साउंड बाक्स कम करने को कहा तो भक्तों ने इन्कार कर दिया। आरोप है कि थाना प्रभारी ने आयोजक महंतों को अपशब्द कहे तो बवाल शुरू हो गया। सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी होने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और महंतों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वह राजी नहीं हुए। रथयात्रा में देरी होने लगी और भीड़ भी बढ़ती गई। इसी बीच एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व भाजपा-सपा-कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंच गए। बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों से नाराजगी जताई। दुकानें बंद कर दी गईं। कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में कांग्रेसी व आलोक मिश्रा भी नयागंज पहुंचे। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने कई बार वार्ता से हल निकालने का प्रयास किया। इसी बीच महंत जितेंद्र दास ने बादशाहीनाका थाना प्रभारी का निलंबन न होने पर रात आठ बजे के बाद आत्मदाह का ऐलान का दिया तो मामले की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को दी गई। जिसके बाद पुलिस अधिकारी मामले का निपटारा कराने में जुट गए। पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की बात कही और कुछ ही देर में धरना समाप्त हो गया।



पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाकर लोगों ने जमकर नारेबाजी और हल्ला किया। अमृत विचार

### धरने पर पढ़ी हनुमान चालीसा

पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर जब धरना चल रहा था, कई थानों की पुलिस, पीएसी मौजूद रही। व्यापारी भी अपनी दुकानें बंद करके सड़क पर उतरे रहे। जिससे नयागंज बाजार रोड पूरी तरह जाम रही। इससे जुड़ी सड़कों पर भी आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना हुआ। चौराहा से जुड़ी हर सड़क पर जाम की स्थिति रही। धरने पर भक्तों व संतों ने हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजन गाए।

### खंभे में दो बार स्पार्किंग से मची भगदड़

- पीपल वाली कोठी चौराहा पर जहां धरना चल रहा था, दोपहर में करीब तीन बजे के समय वहां बिजली के पोल पर दो बार स्पार्किंग हुई। नीचे चिंगारी गिरने से धरने पर बैठे लोग भोग भागने। गनीमत रही कि स्पार्किंग कुछ ही देर में रुक गई।

## एक नजर

### कान्हा गौशाला में लगाए 2100 से अधिक पौधे

**कानपुर।** किशनपुर स्थित कान्हा गौशाला में गौशाला प्रबंधन समिति और नगर निगम के अधिकारियों ने शुक्रवार को एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान के अंतर्गत यहां पर 2100 से अधिक छायादार व औषधीय युक्त पौधों का रोपण किया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि गौशाला में निराश्रित करीब 5000 गौवंशों के उचित रखरखाव नियमित चारे, पानी, चिकित्सा व देखरेख की समुचित व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम, गौवंशों के संरक्षण और जैव विविधता को बढावा देना है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि कान्हा गौशाला सिर्फ गौवंश संरक्षण का नहीं, बल्कि पर्यावरण संवर्धन का भी एक मॉडल केंद्र बन रही है।

### महिला पर जेवर चोरी करने का आरोप

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां के केआर पुरम निवासी संजीव उर्फ गुड्डू कश्यप पत्नी ममता के साथ किराए के मकान में रहते हैं। संजीव के अनुसार 25 जून की शाम को पत्नी के कमरे में न होने के दौरान किसी ने 50 हजार कीमत के जेवर चोरी कर लिए। जानकारी पर पता चला कि इलाके की पलक नाम की महिला उनके कमरे में गई थी। उन्होंने पलक पर चोरी का आरोप लगाकर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# नगर भ्रमण को निकले प्रभु जगन्नाथ, जयकारे



जगन्नाथ मंदिर से निकाली गई रथयात्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में प्रभु जगन्नाथ शुक्रवार को अपने भाई व बहन के साथ रजत जड़ित रथ पर नगर भ्रमण को निकले। इस दौरान भक्तों ने छतों से फूल बरसाए। यात्रा का कई जगहों पर आरती कर स्वागत भी किया गया। रथ यात्रा अपने निर्धारित समय से लगभग तीन घंटे देरी से निकली।

विवाद के बाद जब यात्रा शुरू हुई तो भक्तों में उत्साह रहा। जगन्नाथ मंदिर बाईजी से प्रभु को उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ विधानपूर्वक पूजन कर रथ पर विराजमान किया गया।

इस दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रभु की आरती कर यात्रा को रवाना किया। रथ यात्रा में साथ चल रहे 18 मंडल माहौल को भव्य बना रहे थे। इस दौरान 'बलिहारी हो, बलिहारी हो' व 'प्रभु आए भक्तों के द्वार' जैसे भजनों पर भक्त उत्साह के साथ झूमे।

रास्ते में कई जगहों पर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास, कृष्ण दास, कृष्ण कुमार गुप्ता बब्बू, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेई, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### दक्षिण भारत का दृश्य

- यात्रा के दौरान वेंकटेश मंदिर की झांकी भी शामिल हुई। इस झांकी में भक्तों की ओर से पहना गया पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिधान सभी के अकर्षण का केंद्र रही। मंडल की ओर से भक्तों को दक्षिण भारतीय लड्डू भी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

### चने की दाल और जामुन

- यात्रा के दौरान भक्तों को चने की दाल और जामुन का भी प्रसाद मिला। रथ से वितरित होने वाले इस प्रसाद को लेने के लिए भक्तों की होड़ लगी रही। यात्रा मार्ग पर भक्तों की ओर से झाड़ू भी लगाई गई।

### प्रभु का चंदन से श्रृंगार

- प्रथम दिवस रथ यात्रा के साथ ही जनरलगंज स्थित प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमाजगदीश मंदिर में भी पारंपरिक धार्मिक आयोजन हुए। बिरजी भगत मंदिर में प्रभु का चंदन से श्रृंगार किया गया। इस दौरान भक्तों की ओर से दर्शन की होढ़ लगी रही। भक्तों की ओर से प्रभु को मिष्ठान व आम का प्रसाद चढ़ाया गया। उधर उमा जगदीश मंदिर में प्रभु का बेले के फूलों से श्रृंगार किया गया।



जेके मंदिर से निकाली गई रथयात्रा। अमृत विचार

# जेके मंदिर से निकली रथयात्रा, गूंजे वेद मंत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री राधा कृष्ण टेम्पल ट्रस्ट (जेके मंदिर) से भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकली। रथयात्रा में मंदिर गुरुकुल के शिक्षार्थियों द्वारा वेद मन्त्रों की स्तुतियां गाते हुए, शंखध्वनि के साथ भगवान को सुन्दर फूलों से सजे भव्य रथ में विराजित किया गया। श्रृद्धालुओं ने जयकारों के साथ रथ को खींचकर मंदिर मार्ग से 2 किलोमीटर तक भगवान की रथ को खींचा। विशेष पारम्परिक परिधान में आयी गायत्री परिवार की महिला कार्यकर्ताओं ने सिर में कलश लिए यात्रा को भव्य बनाया। यात्रा के बाद मंदिर में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भक्ति संध्या' का आयोजन किया गया। भक्ति संध्या में 'वैदिक स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक' के कलाकारों ने भक्ति गीतों में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

# इस्कॉन का रथयात्रा महोत्सव रविवार को

**कानपुर।** श्री श्री राधा माधव मंदिर, इस्कॉन कानपुर का रथ यात्रा महोत्सव रविवार को आयोजित होगा। दोपहर 3:30 बजे गुलाब गेस्ट हाउस, सीटीआई चौराहा से ग्लोरी गार्डन, बर्रा बाइपास तक प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलराम और माता सुभद्रा रथ पर विराजमान रहेंगे। इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभुजी का कहना है कि इस दिन भगवान स्वयं नगरवासियों से मिलने निकलेंगे।

रथ यात्रा के दौरान पुरी धाम की दिव्य झलक दिखेगी। यात्रा से पहले दोपहर 3:30 से 4:30 बजे तक सीटीआई चौराहा पर श्री जगन्नाथ कथा में कथावाचक देवकीनंदन प्रवचन करेंगे। जगन्नाथ रथयात्रा का मार्ग सीटीआई चौराहा से नंदलाल चौराहा, पराग डेयरी, बर्रा बाइपास तक रहेगा। यात्रा में हरे कृष्ण महामंत्र की ध्वनि, मृदंग-करताल की ताल और भक्ति रस से सराबोर झांकियां होंगी। भक्तों की सेवा टोलियों की पुष्पवर्षा के बीच सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उत्सव होगा। यात्रा के अंत में महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।











नवाब दूल्हा पटकापुर से निकले जुलूस में मातम करते चले लोग। अमृत विचार



इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के याद में निकाला ताजिया। अमृत विचार

# किस शेर की आमद है कि रन कांप रहा है

## मोहर्रम पर ग्वालटोली और पटकापुर से निकला अलम जुलूस, मातम, जगह-जगह मजलिसों का दौर शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मकबरा ग्वालटोली में अजाखाना ऐमन रिजवी पर ईरान के मौलाना मजलिस पढ़ेंगे

**अमृत विचार।** फिर चांद मोहर्रम का नमूदार हुआ है और चाक दिले अहमदे मुख्तार हुआ है, किस शेर की आमद है कि रन कांप रहा है। मकबरा ग्वालटोली और पटकापुर स्थित नवाब दूल्हा हाता से निकले मातमी व अलम जूलूस में ये नौहाख्वानी की गई। ईरान से भी मकबरा ग्वालटोली में मजलिस पढ़ने के लिए मौलाना आए हैं जो मोहर्रम की 10 तारीख तक प्रतिदिन मजलिस पढ़ेंगे।

शुक्रवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के नवास हजरत इमाम हुसैन एवं उनके 72 साथियों की याद में नौहाख्वानी, मजलिस, मातम का दौर शुरू हो गया। कई इमामबाड़ों पर ताजिये रख दिये गये, जहां जियारत करने वालों का तांता लगा हुआ है। नवाब हैदर अली खां का 154 साल पुराना अलम जुलूस ताजिया के साथ इमाम बारगाह आगामीर मकबरा से निकाला गया जिसकी अगुवाई नवाब हैदर अब्बास और नवाब अली अब्बास कर रहे थे, जुलूस में दर्जनों काले झण्डे और अलम शामिल थे। जुलूस के अन्त में एक शानदार ताजिया भी श्रद्धालु कन्धों पर लेकर चल रहे थे या हुसैन के गगनभेदी नारे फिजा में गूंज रहे थे। जुलूस अन्जुमन-ए-मोहम्मदी मोईन-उल-अजा के मातमी दस्तों के साथ चल रहे अब्बास अख्तर सीतापुरी नौहाख्वानी कर रहे थे। ये जुलूस ग्वालटोली बाजार से गुजरता हुआ मछली वाला तिराहा से गश्त करता हुआ इमामबाड़ा नवाब हैदर अली खाँ नवाब कम्पाउण्ड सिविल लाइन्स पहुंचकर समाप्त हुआ। इसी तरह पटकापुर नवाब दूल्हानगर इमाम बारगाह से 158 साल पुराना जुलूस प्रयाग नारायन शिवाला से इमाम बारगाह महल तक सोगवाराना माहौल में जुलूस निकाला गया जिसमें अन्जुमन रिजविया के नवाब मुमताज, परवेज जैदी और इब्ने हसन बब्लू नौहाख्वानी कर रहे थे। ये जुलूस शिवाले से ताज़िया लेकर इमामबाड़ा महल में समाप्त हुआ। नवाब फरहत हुसैन, निशात अली, डॉ जुल्फिकार अली रिजवी, नज़रे आलम, अनवार सज्जादी, कुमैल नमाजी, रानू नकवी, आसिफ अब्बास और सिकन्दर सीतापुरी मौजूद थे।

### अशर-ए-मजलिस में पहुंचे ईरान के मौलाना

- मकबरा ग्वालटोली में ईरान से आए मौलाना सैयद जौन आब्दी मोहर्रम की 10 तारीख तक मजलिस को खिताब फरमायेंगे। ये मजलिस अजाखाना सैयद अख्तर हुसैन, अजाखाना सैयद ऐमन एवं सैयद अहसन पर मकबरा ग्वालटोली में होगी। उधर शहर के हजारों इमामबाड़ों में जिकरे शाहदतेन व मजलिसे बरपा हुईं। मौलाना तसव्वुर हुसैन, मौलाना बशीर हैदर, मौलाना मोहम्मद मेंहदी, मौलाना फाजिल हुसैन, मौलाना मुनव्वर हुसैन, तालिब हुसैन, मौलाना जीशान हैदर, मौलाना जोहरे कैन आदि ने मजलिस पढ़ी।

# बहकावे में आकर पैकी बनने की कोशिश न करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहरकाजी मोहम्मद साकिब अदीब ने जारी की गाइड लाइन
- हजरत इमाम हुसैन के नाम की फातिहा करें, भूखों को खाना खिलाएं
- प्रशासन को सहयोग करें, किसी का दिल दुखाने वाला काम नहीं करें

**अमृत विचार।** शहरकाजी मोहम्मद साकिब अदीब ने गाइड लाइन जारी करते हुए कहा है कि मोहर्रम के महीने में भूखों को खाना खिलाएं, गरीबों की मदद करें। इस साल पैकियों का जुलूस नहीं उठेगा लिहाजा किसी के बहकावे में आकर पैकी बनने की कोशिश बिल्कुल नहीं करें।

शहरकाजी ने कहा है कि ये महीना पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत से मशहूर है। हमें याद रखना चाहिए कि हजरत इमाम हुसैन करबला में हक का परचम बुलंद करने गये थे और उन्होंने जालिम यजीद के जुल्मों जबर बरबरियत, ताकत के सामने सिर नहीं झुकाकर अपनी जान न्यौछावर कर दी लेकिन हक और इंसानियत का परचम झुकने नहीं दिया। गाइड लाइन जारी करने वालों में शहरकाजी के अलावा मुफ्ती रखी अहमद मिस्बाही, मौलान गुलाम मुस्तफा, कारी मतलूब, मौलाना अबरार, मौलाना मआज सलामी इस्लाम खां आजाद आदि शामिल हैं।

### ये गाइड लाइन जारी की गई

- भूखों को खाना खिलाएं, गरीबों और जरूरतमंदों को कपड़े वितरित करें।
- 9 व 10 मोहर्रम को विशेषतौर पर रोजा रखें, ये बड़े फजीलत वाले हैं।
- अलम जुलूस में संख्या के हिसाब से अपने कार्यकर्ता रखें।
- कानून व्यवस्था के खिलाफ कोई काम नहीं करें, प्रशासन को सहयोग करें।
- जुलूस में झंडों की ऊंचाई 10 फिट से अधिक न हो।
- अलम के ऊपरी हिस्से में चांद तारे लकड़ी के हों।
- युवा स्टंट से बचें, ज्यादा से ज्यादा कुरानख्वानी करें, नमाज पढ़ें।
- लोगों को इस माह की फजीलत और हकीकत से आगाह करें।

# कांग्रेस नगर, ग्रामीण में पदाधिकारियों का चयन किया

**कानपुर।** कानपुर नगर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के द्वारा नगर ग्रामीण के 70 पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है।

कांग्रेस की सूची में आनंद मेहरोत्रा कोषाध्यक्ष, रीता कठेरिया, बाबूराम सोनकर, सतीश चंद्र दीक्षित, पुरुषोत्तम त्रिपाठी, राजू कश्यप, विजय निषाद, ममता तिवारी, नवीन कमल उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। इस प्रकार केशव पाल, देवी प्रसाद निषाद, अनुराग पाल, अनुग्रह प्रताप सिंह, विवेक चंद्र अवस्थी, नरेश मिश्रा, अजय सिंह, विनोदिनी दुबे, सिराज खान, संदीप मिश्रा और इखलाक अहमद महासचिव बनाये गए हैं।

ऐसे ही मोहम्मद सलीम, गरुण सिंह, वरुणाराज कठेरिया, अभिषेक कटियार, मोहम्मद शोएब, सारिक जाफरी, अकील मंसूरी, संजय अग्निहोत्री, दीपक पाल, नागेंद्र पासवान, अमित पटेल, मानसिंह यादव, निहाल अहमद, सतीश मसीह, मोहम्मद इमरान, विवेक श्रीवास्तव, आदिल कुरैशी, राजेंद्र बाल्मीकि, मदीना बेगम, अनुराधा धीमान, राजरानी शर्मा, निसार अहमद, दिनेश त्रिवेदी समेत 48 सचिव एवं इमैनुल सिंह को प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

# त्याग, तपस्या व बलिदान की प्रतिमूर्ति थे गौरी शंकर अवस्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



श्रद्धांजलि सभा में बोलते मंत्री असीम अरुण, मंच पर बैठे भाजपा नेता। अमृत विचार

- पुण्यतिथि पर देव नगर में हुई श्रद्धांजलि सभा

**अमृत विचार।** देव नगर स्थित माथुर वैश्य जनहित भवन में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी गौरी शंकर अवस्थी की 27वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में डॉ. संजीवनी शर्मा, डॉ. हर्षवर्धन, सर्वेश पांडे निन्नी गुरु और प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनूप बाजपेई को गौरी शंकर अवस्थी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि गौरी शंकर अवस्थी त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने जीवन भर सिद्धांतों व ईमानदारी की राजनीति की और जनता के हितों के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा गौरी शंकर अवस्थी ने कानपुर में ईमानदारी और निष्पक्षता की मिसाल कायम की। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा गौरी शंकर अवस्थी हलीम मुस्लिम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्रथम हिंदू छात्रसंघ अध्यक्ष थे। महापौर प्रमिला पांडे ने कहा कि बड़े भाई ने मेरे जीवन को दिशा दी। भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा कि पिता जी के दिखाए मार्ग पर चलकर जनसेवा ही हमारा उद्देश्य है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी, दीपू पांडे, अन्नू अवस्थी, हेमंत पांडे, गौरव पांडे रहे।

# भुगतान के फर्जी मैसेज भेज हड़पे साढ़े छह लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑयल कारोबारी के साथ व्यापार करने वाले दो लोगों ने लगाया चूना

**अमृत विचार।** ऑयल कारोबारी के साथ व्यापार करने वाले दो कारोबारियों ने साढ़े छह लाख की ठगी की। कारोबारी को ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करने की बात कह फर्जी मैसेज भेजते रहे। कारोबारी ने बैंक स्टेटमेंट चेक किया तो फर्जीवाड़े का पता चला। पीड़ित ने दोनों व्यापारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

धनकुट्टी निवासी कारोबारी सुरेश चंद्र गुप्ता गौरव ऑयल फर्म के मालिक हैं। उनका वनस्पति घी, रिफाइंड, ऑयल, मिल्क पाउडर का व्यवसाय है। उन्होंने बताया कि वह घाटमपुर के जैतीपुर रोड इंद्रानगर के रहने वाले व्यापारी शिवम सिंह भदौरिया व घाटमपुर के शीतलपुर भदरास के महेश सिंह के साथ तीन साल से व्यापार कर रहे हैं। व्यापारी जब भी उन्हें कॉल करते या मैसेज भेजते, उनके बताए माल की डिलीवरी दे दी जाती थी। वह बता देते कि ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं। इसके बाद यूपीआई से पेमेंट करने का मैसेज भेज देते। इस पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। वह लगातार विश्वास में माल देते रहे। अचानक उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया तो हैरान रह गए। दोनों व्यापारियों ने कोई भुगतान नहीं किया। जानकारी करने पर पता चला कि दोनों भुगतान का फर्जी मैसेज उनके व्हाट्सएप पर डाल देते थे। कुल 6,30,550 रुपये के भुगतान का फर्जी मैसेज भेजा गया है। कलक्टरगंज थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

# आनंदपुरी में जैन संतों का प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



चातुर्मास करने आनंदपुरी पहुंचे जैन संत। अमृत विचार

- शहर में चातुर्मास करने के लिए आए सतीश मुनि जी महाराज
- सांस्कृतिक आयोजनों के बीच हुआ मंगल गायन, मंत्र पढ़े गए

**अमृत विचार।** आनंदपुरी में चातुर्मास करने के लिए जैन मुनि का मंगल आगमन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन भक्तों ने मुनि श्री का स्वागत किया। संजय वन से शुरू हुए स्वागत के दौरान मंत्रोच्चार भी हुआ। बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी हुए।

सतीश मुनि आदि 4 व सौरभ मुनि आदि 2 जैन संतों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पार्श्व महिला मंडल की ओर से महाराज साहब का संगीत के माध्यम से स्वागत किया गया। इसी तरह आनंद नवकार पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री धनंजय जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान संघ ने जैन साधु सतीश मुनि महाराज साहब व सौरभ मुनि महाराज साहब चातुर्मास प्रवेश मैं शाल पहनकर आभार प्रकट किया। बताया गया कि जैन मुनि सतीश मुनि जी महाराज आदि चार जैन 12 सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर शहर में आए हैं। जैन मुनि छत्तीसगढ़ से पिछला चातुर्मास करके शहर पहुंचे हैं। महाराज जी का प्रवचन 10 जुलाई से शुरू होगा। जैन मुनि के शहर आगमन पर शहर के बाहर से भी कई सांसद व विधायक ने आकर उनका स्वागत किया। इनमें भाजपा सांसद विजय बघेल सहित छत्तीसगढ़ से विधायक लाभचंद बाफना शामिल हुए। कार्यक्रम में एमएलसी सलिल विश्नोई, जिला मंत्री रिचा सक्सेना, क्षेत्रीय पार्षद मनीष मिश्रा एवं जैन समाज से महेंद्र कटारिया, धनंजय जैन, टीकमचंद सेठिया, नवनीत लाला जैन, संजय भंडारी, पीयूष जैन, विजय जैन, तिलक जैन, मितेश शाह सहित अन्य मौजूद रहे।

# जीटी रोड पर किया अधूरा पैचवर्क, पूरे नहीं भरे गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पैचवर्क के बाद भी जीटी रोड बदहाल है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जीटी रोड की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एनएच पीडब्ल्यूडी ने पैचवर्क तो कराया, लेकिन ठीक से कार्य नहीं कराया गया। इस वजह से जीटी रोड पर गोल चौराहा से लेकर आईआईटी कल्याणपुर तक छोटे व बड़े मिलाकर 200 से अधिक गड्ढे हैं। कई जगहों पर सड़क की परत ऊंची व नीची है और कुछ जगहों पर सड़क पर थोड़ी-थोड़ी जगह पर कटी हुई है। पॉलिटेक्निक के सामने सड़क पर बजरी है और जलजमाव भी है। शहर से जीटी रोड गुजरी है, जिसकी देखरेख और मरम्मत का जिम्मा एनएच पीडब्ल्यूडी के पास है। लेकिन ठीक से देखरेख नहीं की जा रही है। जिसका खामियाजा रोड से गुजरने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ता है। अभियंता जीटी रोड को पूरी तरह से पैचवर्क और गड्ढों को पूरी तरह से भरने में असमर्थ दिख रहे हैं। लेकिन एनएच पीडब्ल्यूडी के अभियंता लोगों को जीटी रोड मॉडल रोड बनाने का सपना जरूर दिखा रहे हैं। हकीकत ये है कि अभियंता ठीक तरह से गड्ढे तक नहीं भर पा रहे हैं। एनएच पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार जयंत के मुताबिक जल्द ही गड्ढों को भरा जाएगा।

### अस्पताल पहुंच रहे गड्ढों की वजह से दर्द झेल रहे लोग

- उर्सला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ .आशीष मिश्रा ने बताया कि ओपीडी में ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिनकी हिस्ट्री लेने पर वह जानकारी देते हैं कि बाइक या स्कूटी गड्ढे में चली गई थी और इसके बाद उनके कूल्हे या रीढ की हड्डी में दर्द शुरू हुआ। कार सवार लोगों के कंधे, कूल्हे व पैर में दर्द होने लगा।

### किदवई नगर व ग्रीन पार्क में चला अतिक्रमण अभियान

**कानपुर।** नगर निगम के जोन -3 स्थित किदवई नगर, गौशाला साई धाम से होते हुए सरिया मिल के सामने तक और गौशाला पेट्रोल पंप से फूलमंडी अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी सीपी सिंह के मुताबित अभियान में छह स्थायी, 40 अस्थायी टिन शेड, टट्टर, रैम्प व चबुतरे आदि अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान जोनल अभियंता राजेश कुमार, कर अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, सहायक अभियन्ता योगराज सिंह मौजूद रहे। वहीं, नगर निगम ने ग्रीन पार्क चैराहे से सरसैया घाट चैराहा, गुप्तारघाट चैराहा से मुरे कंपनी पुल तक अतिक्रमण अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 45 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए।

## सार-संक्षेप

### तरुण कुमार सिंह को मिला सम्मान




तरुण कुमार को पुरस्कृत करते अमित शाह।

**कानपुर।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर 'स्वर्ण जयंती समारोह' आयोजित हुआ। इस दौरान लखनऊ के कवि और यूको बैंक, कानपुर अंचल में बतौर राजभाषा अधिकारी कार्यरत तरुण कुमार सिंह को इस अवसर पर प्रतीक चिन्ह (लोगो) निर्माण के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तरुण कुमार सिंह को यह प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। तरुण कुमार सिंह अपने साहित्यिक नाम 'कविराज तरुण' से भी पहचाने जाते हैं। वे लोकप्रिय हिंदी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम संस्थान' के संस्थापक सदस्य व महासचिव हैं। तरुण कुमार सिंह, भारत सरकार के आवासन और शहरी विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य हैं। वे एक लंबे समय से हिंदी साहित्य की सेवा कर रहे हैं।

### फर्नीचर शोरूम में खरीदारों को मिलेगा उपहार



ग्राहकों को उपहार दिए गए। अमृत विचार

**कानपुर।** आवास विकास केशव पुरम कल्याणपुर स्थित फर्नीचर शोरूम अकाय फर्निशिंग कॉन्सेप्ट्स ग्राहकों को निश्चित उपहार दे रहा है। यह उपहार 50 हजार रुपये से ऊपर की खरीद पर दिया जा रहा है। बताया गया कि अकाय फर्निशिंग कॉन्सेप्ट्स के डायरेक्टर मित्रेश त्रिपाठी अपने ग्राहकों को दोहरा फायदा दे रहे हैं। प्रत्येक फर्नीचर पर 50 फीसदी तक की छूट भी दे रहे हैं। इसके अलावा उपहार का ऑफर भी शोरूम में खरीदारों के लिए मौजूद है। अकाय फर्निशिंग कॉन्सेप्ट में होम एवं ऑफिस फर्नीचर, मॉड्यूलर किचन, वार्डरोब, बेड, सोफा सेट, सोफा कम बेड, पर्दे, डाइनिंग टेबल, आर्टफिक्ट्स सॉलिड वुड फर्नीचर, झूले की रेंज मौजूद हैं। इसके अलावा ईवास एवं स्पेसवुड जैसे विश्वसनीय एवं बड़े ब्रांड के फर्नीचर उपलब्ध हैं। इनकी खास बात यह है कि गुणवत्ता के साथ-साथ सेवाएं भी उच्च स्तरीय हैं।

# बार के महामंत्री व परिजनों पर अभद्र टिप्पणी की

**कानपुर।** बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित सिंह और उनके परिजनों के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई। महामंत्री ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की और आरोपी के खिलाफ नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवाबगंज के ख्योरा निवासी अधिवक्ता अमित सिंह बार एसोसिएशन के महामंत्री हैं। पुलिस कमिश्नर से की शिकायत में उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले उन्हें कई लोगों की कॉल आई और फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी व पोस्ट की जानकारी दी। पोस्ट देखने पर पता चला कि मकड़ीखेड़ा नई बस्ती का रहने वाला देवराज मिश्रा ने अभद्र व अनुचित पोस्ट डाली है। पोस्ट में उनके परिवार को गालियां दी गईं। महामंत्री ने बताया कि देवराज खुद को वकील बताता है जबकि यह अधिवक्ता नहीं है।

बदहाली — समाधान दिवस पर उद्यमी हुए आक्रोशित, कहा जल्द दूर कराएं समस्याएं

# अधिकारियों को बताईं औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समाधान दिवस में समस्याएं बताते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्यमियों ने शुक्रवार को समाधान दिवस पर अधिकारियों के सामने आक्रोश जाहिर किया। कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में नाली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए उद्यमी इंतजार कर रहे हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र, कालपी रोड, फजलगंज में हुए समाधान दिवस पर अधिकारियों ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उपयुक्त उद्योग अनजनीश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में फीटा के पदाधिकारी उमंग अग्रवाल ने फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में जेके जूट मिल से लेकर एमएसएमई टूल रूम होते हुए कैसा तिराहा जाने वाली रोड की समस्या उठाई। कहा कि सड़क पर नाली लुप्त होने और सड़क का निर्माण स्वीकृत होने के बावजूद भी उसे अभी तक नहीं बनाया गया है। जिस पर अधिशासी अभियंता नगर निगम जोन 5 ने मामले को देखकर हल करने को कहा। इसी तरह बैठक में फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में अपर नगर आयुक्त तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के बावजूद कूड़ा, गंदगी सड़कों से पूरी तरीके से न उठने, नालियां साफ न होने, नई पड़ी सीवर लाइन का कार्य गुणवत्ता से नहीं किए जाने की शिकायत हुई। जिस पर अधिकारियों ने मामला देख कर हल करने को कहा। उधर उद्यमी शिवकुमार गुप्ता ने भीमसेन मार्ग पीडब्ल्यूडी द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के बावजूद निर्माण न करने की शिकायत की। जिस पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि एस्टीमेट बनाकर दो बार मुख्यालय भेजा गया है, परंतु अभी तक स्वीकृत नहीं प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी माध्यम के माध्यम से लेटर लिखवाने को कहा।

इसी तरह सतीश प्रकाश द्वारा दादा नगर में नहर पर सिंचाई विभाग द्वारा अभी तक अतिक्रमण न हटाने की बात कही गई। इस पर भी अधिकारियों की ओर से मामले को जल्द हल करने का आश्वासन दिया गया। उधर एक अन्य शिकायत पर उद्यमी संदीप अवस्थी ने जेम पोर्टल पर उनकी फैक्ट्री द्वारा निर्मित माल को किसी अवैध व अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा आधे दाम में बेचे जाने की बात कही। यह भी कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

इस पर उपायुक्त उद्योग ने मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान राजकीय औद्योगिक स्थान के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, लघु उद्योग भारती से संदीप अवस्थी, टाटानगर कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट से सतीश प्रकाश, अरुण ओमर देव दुग्गल आशीष साहनी आदि ने बैठक में शामिल होकर अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखी जिन्हें अगली बैठक के पहले निस्तारित करने का आश्वासन मिला।

# जगन्नाथ यात्रा का रथ खींचने को उमड़े श्रद्धालु

## मौसी -मां के यहां जाने के लिए निकली रथयात्रा, नाचते, गाते और झूमते हुए चल रहे थे भक्तगण

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर के बैकुंठपुर स्थित प्रभु श्री जगन्नाथ कि रथयात्रा में शामिल भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस दौरान हजारों भक्तगण रथ को खींचने के लिये आतुर दिखाई दिये।

कहा जाता है कि आषाढ़ माह कि द्वतीया तिथि को प्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा जी के साथ अपनी मौसी के घर में निवास करने के लिए अपने मंदिर को छोड़कर रथ पर विराजमान होकर प्रस्थान करते हैं। इस दौरान प्रभु के भक्त भी रथयात्रा में शामिल होकर रथ को खींचते हुए प्रभु कि मौसी के घर जाते हैं। यहां पर प्रभु जगन्नाथ दशमी तक रहते हैं और बाहुड़ा दशमी को पुनः अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करते हैं। इसी प्राचीन परंपरा को पिछले 20वर्षों से बिठूर रोड बैकुंठपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में मनाया जा रहा है।

इस दिन भक्तगण मंदिर के राजारूपी प्रतिनिधि को सम्मान पूर्वक आमंत्रित करते हैं। राजा के रूप में श्याम सुंदर दास ने भक्तों की तरफ से प्रभु श्री जगन्नाथ जी को रथ में ले जाने की अनुमति मांगी। इसके बाद भक्तगणों द्वारा तीनों विग्रहों को रथ में विराजमान कराया गया। रथ चलने के पहले राजा श्यामसुंदर दास ने रथ के चारों तरफ तथा रथ के आगे भक्ति भाव से झाड़ू लगाकर रास्ता साफ किया। इसके पश्चात नारियल फोड़कर रथ चलने का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके उपरांत डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने महाप्रभु जगन्नाथ जी की आरती की। साथ ही एसीपी कल्याणपुर व जीडी गोयनका स्कूल के चेयरमैन चंदन अग्रवाल ने भी महापूजा की। इसके बाद रथ को भक्तों ने रस्सी के द्वारा खींचकर बैकुंठपुर से कल्याणपुर बैरी स्थित दुर्गा मंदिर तक पहुंचाया। रथयात्रा के दौरान भक्तगणों ने रथयात्रा पर पुष्पवर्षा करते हुए महाप्रभु के दर्शन किये। भक्ति भाव में डूबे भक्तगण रास्तेभर नाचते गाते हुए चल रहे थे। रथयात्रा में शामिल भक्तों के लिए जगह-जगह पानी शरबत प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई थी। रथ यात्रा के साथ साथ पुलिस बल व डॉक्टर्स की टीम एवं एम्बुलेंस भी साथ में चलती रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसपी पटनायक, अनुग्रह श्रीवास्तव, अखिलेश शाहू, अजय मिश्रा, अजय गौर, के साथ में भारी तादाद में भक्तगण मौजूद रहे।



बिठूर में जगन्नाथ जी की पूजा करते भक्त। अमृत विचार



बिठूर में रथ को खींचते श्रद्धालु। अमृत विचार



घाटमपुर में रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब। अमृत विचार

### घाटमपुर में भी धूमधाम से निकली जगन्नाथ की रथ यात्रा

**घाटमपुर।** घाटमपुर क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव में स्थित प्रभु जगन्नाथ जी के मंदिर से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भगवान जगन्नाथ जी का प्रातः कालीन बेला पर भव्य श्रृंगार किया गया उसके बाद मंगला आरती की गई। इसके बाद जगन्नाथ जी को रथ पर भव्य तरीके से सजाये गये रथ पर सवार किया गया और डेढ़ बजे ढोल नगाड़े के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान सैकड़ों युवक नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा में तमाम भगवानों की झांकियां भी मौजूद रहीं, जिन्हें देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। श्रद्धालुओं के लिये लोगों ने जगह–जगह पर शर्बत, पानी और मीठे प्रसाद की व्यवस्था कर रखी थी। मानसूनी मंदिर से होते हुए यह यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर में पहुंची जहां जग के नाथ को शयन आरती कर शयन कराया गया। एसीपी कृष्णकांत यादव भारी पुलिस बल के साथ स्वंय मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे रहे।

## मन की बात सुनने के साथ श्यामा प्रसाद को करेंगे याद

**घाटमपुर।** संगठन के निर्देशानुसार मंडल नौरंगा के शक्ति केंद्र में आगामी 29 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक बैठक कर सभी बूथ अध्यक्षो से 29 को होने वाले कार्यक्रम क्रमशः एक पेड़ मां के नाम, मोदी जी के मन की बात, बलिदान दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। और बूथ अध्यक्षों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी है। नौरंगा मंडल के शक्ति केंद्र नौरंगा में आगामी 29 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची श्वेता शुक्ला ने कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया और उपस्थित बूथ अध्यक्षों को होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के निर्देश पर आगामी 29 तारीख को क्रमशः तीन कार्यक्रम होना है मोदी जी के मन की बात और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण और हर बूथ पर दस दस पेड़ मां के नाम से लगाना है। उन्होंने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने हर बूथ पर एक एक पदाधिकारी को भी जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर प्रधान विजय बाल्मीकि, देवी प्रसाद, रतीराम, हरिश्चंद्र, अतुल प्रजापति, सौरभ मिश्रा, मुन्नीलाल सोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जगन्नाथ यात्रा में जाने से मना किया तो किशोर ने लगाई फांसी

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के सतरहुली गांव में एक किशोर ने फांसी लगा कर जान दे दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी अंतर्गत सतरहुली गांव निवासी प्रदीप कुरील के बड़े बेटे साहिल 16 वर्ष ने दोपहर के समय कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने बताया कि साहिल जगन्नाथ यात्रा में जाने की ज़िद कर रहा था। तो मां ने मना कर दिया और वह खेतों में काम करने चली गई। अकेला घर पाकर साहिल ने फांसी लगा ली उसको फांसी के फंदे पर लटका देख पड़ोसियों ने घरवालों को सूचना दी तब वे रोते बिलखते घर पहुंचे। घर वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुमौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### साढ़ में चोरों ने एक रात में तीन घरों को बनाया निशाना

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। एक रात में तीन चोरियां होने से लोगों में दहशत का माहौल है। साढ़ थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी महेंद्र पासवान, सुभाष पासवान व भगवान चरन गुप्ता के पारिवारिक जन गर्मी के चलते बाहर सो रहे थे। तभी रात को कुछ चोर छत के रास्ते से घरों में दाखिल होगये और अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर सुभाष के घर से सोने चांदी के जेवरात समेत तीस हजार नकद व महेंद्र के घर में बाहर से कुंडी खोलकर दरवाजे पास रखी अंदर के कमरे की चाबी लेकर ताला खोलकर अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी की के जेवर समेत सत्तर हजार नकद वहीं भगवान चरन गुप्ता के घर से भी सोने चांदी जेवरात समेत दस हज़ार रुपये चुरा ले गये। सुबह जगे पारिवारिक जनों ने घर के अंदर जाकर देखा तो तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद लोगों ने चोरी की सूचना पुलिस चौकी बिरहर में दी। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### युवक ने किशोरी को पंचायत भवन में ले जाकर किया दुष्कर्म

**शिवराजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को घर पर अकेला छोड़कर पूरा परिवार कानपुर रिश्तेदार को देखने गए हुए थे तभी रात्रि 11:00 गांव के एक युवक ने किशोरी को नशीला पदार्थ खिला दिया। इससे किशोरी बेहोश हो गई इसके बाद युवक किशोरी को गांव के पास बने पंचायत भवन में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों के देखने पर आरोपी किशोरी को वहीं पर छोड़कर भाग गया। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बताया हमारा पूरा परिवार रिश्तेदार को देखने कानपुर गया था। किशोरी घर पर अकेली थी तभी गुरुवार रात 11:00 बजे सुभाष पुत्र मुन्नालाल उनकी पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर गांव के पास बने पंचायत भवन के कमरे में ले गया। वहां पर लेजाकर उसने उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। तभी कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गये तो वह किशोरी को छोड़ कर भाग गया। वहीं पुलिस ने बताया पीड़ित पिता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जल्दी आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।



पीडीए की चौपाल में मौजूद सपा कार्यकर्ता और ग्रामीण। अमृत विचार

# पीडीए की विचार धारा ही बनाएगी सपा की सरकार

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** सपा के , विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने बिल्हौर ब्लॉक के ककवन ग्राम पंचायत के सलेमपुर गांव में पीडीए की चौपाल' का आयोजन किया। इस चौपाल का आयोजन पूर्व प्रधान मनी राम पाल ने किया। विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि हम सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत करेंगे। 2027 में हम सब मिलकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीडीए की सरकार बनने पर हर महिला को 3000 मिलेंगे और हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। विनय यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज से संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीब किसान और मजदूर के नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना होगा। 2027 का चुनाव हम सबका आखिरी चुनाव है। हम हर बूथ पर सभी समाज को जोड़ेंगे और सबका सम्मान करेंगे।

# रेलवे क्लर्क पर फायरिंग करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में रेलवे में संविदा टिकट बुकिंग क्लर्क को गोली मारने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक किशोर भी है। क्लर्क पर इटावा के प्रशांत सिंह राणा ने गोली चलाई थी, वह बीते ढाई साल पहले नोएडा से नौकरी छोड़ कर ननिहाल में रह रहा था।

**यह था मामला...**

घाटमपुर थानाक्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी कृष्णकांत शर्मा बुधवार रात 11:30 बजे ड्यूटी से लौट रहे थे। इस दौरान उनकी चाय की दुकान पर कुछ युवक बैठे थे, जिस पर कृष्णकांत ने पूछताछ तो उन्होंने चाय और सिगरेट की डिमांड की। मना करने पर कहासुनी शुरू हो गई। इस दौरान आरोपी कृष्णकांत को मारपीट कर भागने लगे। कृष्णकांत ने करीब 200 मीटर तक उनका पीछा किया तो एक आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली उनके जबड़े में लगी और वह बेहोश होकर गिर पड़े थे।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

### गुच्चुपुर गांव के पास पकड़े गए आरोपी

मौके पर पहुंची पुलिस ने कृष्णकांत को सीएचसी भिजवा कर मुकदमा दर्ज किया। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपियों के भीतरगांव, गुच्चुपुर बंबी के पुलिया के पास होने की जानकारी मिली थी वहीं से सभी आरोपियों इटावा, उदी मोड़ के गाती गांव निवासी प्रशांत सिंह उर्फ आशू, रामसारी गांव निवासी बलराम सिंह परिहार, किराने की दुकान संचालक विपुल सिंह गौतम व एक किशोर को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा, दो कारतूस व बाइक बरामद की है। डीसीपी साउथ ने बताया कि प्रशांत ने ही कृष्णकांत पर गोली चलाई थी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

पत्रांक: 191 / ई–निविदा/न0पा0प0बि0/2025–26 दिनांक: 27/06/2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त वित्तीय वर्ष 2025–26 की कार्ययोजना जिलाधिकारी महोदय कानपुर नगर द्वारा स्वीकृत पत्रांक 137 / 5वांवि0आ0/एल0बी0सी0–प्रथम / 2025 दिनांक 20.06.2025 द्वारा प्राप्त आदेश के अनुपालन में नगर पालिका बिल्हौर में नगर पालिका द्वार पर बाहर दोनों तरफ एवं राष्ट्रीय ध्वज के बगल में चौराहे के सौंदर्याकरण का कार्य कराने हेतु ठेकेदारों / फर्मो से निम्नलिखित तालिका के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी / नियम एवं शर्ते पालिका कार्यालय में सम्बन्धित लिपिक से कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

| क्र0सं0 | ई–निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | आनलाइन ई–निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 28.06.2025 | प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | आनलाइन ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 28.06.2025 | अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 3 | आनलाइन ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 21.07.2025 | सायं 05:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी ई–निविदा खोलने की तिथि | 22.07.2025 | प्रातः 11:00 बजे से |
| 5 | वित्तीय ई–निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त | |

(सुश्री अंजनी मिश्रा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर।

(मो0 इखलाक)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर।


## पुलिस ने दबोचे दो शातिर लुटेरे

**बिल्हौर।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अरमान हाशमी 30 पुत्र अनवर अली निवासी लखनऊ और रियाज 50 पुत्र अनवर अली निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इन्ही आरोपियों ने बिल्हौर में बीते दिनों एक बुक स्टॉल संचालक के गुल्लक से 50 हजार रुपये चोरी किए थे।

# कीटनाशक व्यवसायियों को स्टॉक व बिल जरूरी

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर में कीटनाशक व्यवसायियों और थोक विक्रेताओं के लिए कृषि रसायनों के क्रय-विक्रय के लिये नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशिका के अनुसार, सभी पंजीकृत कीटनाशक व्यवसायियों और थोक विक्रेताओं को कृषि रसायनों का क्रय करते समय बिल अनिवार्य रूप से लेना होगा। साथ ही, संबंधित कंपनी अथवा थोक विक्रेता से बिल अनिवार्य रूप से लिया जाना चाहिए और उसे सुरक्षित रखना होगा। निरीक्षण अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करना होगा। कृषि रक्षा अधिकारी सलिमुद्दीन ने बताया कि सभी कीटनाशक व्यवसायियों को अपनी दुकान पर कृषि रसायनों का विक्रय करते समय बिल/कैश मेमो देना अनिवार्य होगा।





आपातकाल की बरसी पर मशाल जुलूस निकालते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

### एबीवीपी ने निकाला मशाल जुलूस

**घाटमपुर।** घाटमपुर में एबीवीपी की घाटमपुर इकाई ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर मशाल जुलूस निकाला। नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। विभाग संयोजक अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि एबीवीपी अपनी स्थापना से ही राष्ट्रीयता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने 1975 के आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार ने देश के लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटा था। त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसलिए एबीवीपी के कार्यकर्ता समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। कार्यक्रम में जिला संयोजक उत्कर्ष शुक्ला, नगर मंत्री विकल्प बाजपेई, श्लोक, सार्थक सोनकर आदि रहे।


## कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

पत्रांक: एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775–84 /2025–26 दिनांक– 26.06.2025

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707–14 / 2025–26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीसीई एजूकेटर | | 110 | विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी। **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए। | 10313.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो। |
| 2 | तकनीकी अनुदेशक | इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर | 10450.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो। |
| | | एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट– इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक | | |
| | | एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग | 05 | बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर | | |
| | | होम एण्ड हेल्थ ट्रेड | 06 | बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट – फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी | | |

चन्द्रप्रकाश
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जालौन


तैयारी | भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया हुई शुरू, ककवन, बिल्हौर, चौबेपुर, बिधनू, भीतरगांव और पतारा में बनेंगे

# छह नए अग्निशमन केंद्र स्थापित होने से जल्द पहुंचेगी मदद

अभय प्रताप सिंह,कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर जिले में अग्निशमन सेवाओं को मज़बूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार, कानपुर के छह ब्लॉकों - ककवन, बिल्हौर, चौबेपुर, बिधनू, भीतरगांव और पतारा - में नए अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से इन क्षेत्रों में आग की घटनाओं से निपटने में मदद मिलेगी और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच भी आसान हो जाएगी।

जिलाधिकारी ने सदर, बिल्हौर और नर्वल तहसील के तहसीलदारों को मुख्य अग्निशमन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे इन चिन्हित स्थानों पर अग्निशमन केंद्रों की स्थापना के लिए उपयुक्त ग्राम समाज की भूमि की पहचान करें, जो सड़क से सटी हो, और उसका प्रस्ताव शीघ्रता से मुख्यालय को भेजें। यह कदम स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रामीण इलाकों के किसानों के लिए भी यह एक अच्छी खबर है, क्योंकि अक्सर आग लगने से उनकी फसलें खाक हो जाती थीं, जिससे लाखों रुपये का नुकसान होता था।



फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। (फाइल फोटो)।

### बिल्हौर तहसील में वर्तमान स्थिति और नए केंद्रों की आवश्यकता

वर्तमान में, बिल्हौर तहसील क्षेत्र में, जिसकी आबादी लगभग 10 लाख है, केवल एक अग्निशमन केंद्र शिवराजपुर में स्थित है। इतने बड़े क्षेत्र में एक ही केंद्र होने के कारण, आग लगने की घटनाओं पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पातीं, जिससे जनहानि और संपत्ति का भारी नुकसान होता है। हाल ही में चौबेपुर की लोहिया फैक्ट्री में लगी भीषण आग में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगभग एक घंटे देरी से पहुंची थीं। चौबेपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ती औद्योगिक इकाइयों को देखते हुए, सभी इलाकों में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने का यह सरकारी निर्णय बेहद सराहनीय है।

### भूमि अधिग्रहण की जानी प्रगति

बिल्हौर के एसडीएम ज्वाला प्रसाद ने बताया कि अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को कई भूमियां दिखाई गई हैं, और शासन के नियमानुसार जगह मिल भी गई है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चौबेपुर में केंद्र के लिए लगभग जगह मिल चुकी है, और शेष स्थानों पर भी राजस्व टीमों को सक्रिय किया गया है।मुख्य अग्निशमन अधिकारी/उप जिलाधिकारी/तहसीलदार (सदर, बिल्हौर और नर्वल) को भूमि चिन्हांकन और प्रस्ताव भेजने का कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के निवासियों को अग्नि सुरक्षा के मामले में अधिक सुरक्षित महसूस कराएगी। जाहिर सी बात है कि इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। ये केंद्र स्थापित होने से कहीं पर भी आग लगने पर जल्द मदद मिलेगी।

# दोबारा दुरुस्त होंगे कानपुर-झांसी हाईवे के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते एडीएम प्रशासन अमित कुमार। अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश
- हाईवे के किनारे अवैध निर्माण को किया जाएगा ध्वस्त

**अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क अवरोध हटाने, जागरूकता अभियान, आपातकालीन सेवा व सड़क सुरक्षा संकेतों आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने कहा कि हाईवे किनारे अवैध निर्माण को अभियान चलाकर ध्वस्त किया जाए, जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आए। उन्होंने कानपुर-झांसी हाईवे पर कराए गए पैच कार्य को पुनः दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी 30 जून के बाद खनन की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इसके बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि ओवरलोडेड वाहनों का संचालन हाईवे पर कतई न हो, ताकि सड़कों को क्षति न पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। जिससे लोग बाधा रहित, सुरक्षित व सुगम यात्रा कर सके। साथ ही सभी रोड जंक्शन पर रंबल स्ट्रिप, साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। प्रमुख सड़कों व हाईवे पर निर्धारित स्थानों पर एंबुलेंस की तैनाती की जाए। एडीएम ने परिवहन विभाग को बिना नंबर प्लेट संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ अभियान, ओवरलोड वाहनों व गलत दिशा में चलने वाले वाहनों के चालान करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, उपायुक्त उद्योग मो. सउद सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रनियां औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर सफाई के निर्देश

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य ने जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की मासिक बैठक करते हुए ईओ रनियां को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर साफ-सफाई कराएं। यदि कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिले तो राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत या नवीन निर्माण के लिए स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हो चुकी है। वहां तत्काल कार्य शुरू कराया जाए। एडीएम ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन., उपायुक्त उद्योग मो. सउद, सीओ प्रिया सिंह समेत अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

## छापे में 7 घरों में बत्ती चोरी पकड़ी

**राजपुर।** विजिलेंस व बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी में सात लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। दो दर्जन से अधिक बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए।

सट्टी क्षेत्र के नौबादपुर गांव में विजिलेंस व विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। सट्टी उपकेंद्र के जेई आरएस वर्मा ने बताया कि गांव में 25 केवीए के दो, 63 केवीए के दो व 10 केवीए के दो ट्रांसफार्मर हैं। यहां करीब 120 कनेक्शनधारक हैं। 20 उपभोक्ताओं को छोड़कर कोई बिल जमा नहीं कर रहा है। इधर ग्रामीणों द्वारा लगातार बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। शुक्रवार को विजिलेंस प्रभारी सुबोध कुमार पूरी टीम के साथ गांव पहुंचे। जिसमें सात लोगों को चोरी करते पकड़ा गया। वहीं दो दर्जन से अधिक बड़े बकायदारों के कनेक्शन काटे गए।

# दूध कारोबारी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, मंगलपुर

- डेरापुर थाना क्षेत्र के अरसुन की मड़ैया गांव का मामला

**अमृत विचार।** अरसुन की मड़ैया गांव के दूध विक्रता ने खेत में नीम के पेड़ पर फंदे लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। प्रथमदृष्टया फंदा लगाने का कारण गृह कलह बताया जा रहा है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के अरसुन की मड़ैया निवासी अजीत कुमार यादव (26) दुध का कारोबार करता था। गृह कलह के चलते वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में रहता था। शुक्रवार की सुबह वह खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद उसने गांव के बाहर खेत में खड़े नीम के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। खेतों पर गए लोगों ने शव लटकते देख मृतक के परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी नंदनी, मां शारदा, भाई संदीप, कुलदीप, सुजीत आदि बिलखते रहे। परिजनों ने बताया कि मृतक के एक छह माह का बेटा है। जानकारी पर पहुंचे दस्तमपुर चौकी प्रभारी गिरीश चंद्र ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित कराए। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया घरेलू कहासुनी के चलते आत्महत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# बिकरू कांड में चार की जमानत अर्जी खारिज

## सोमवार को तीन आरोपियों की खारिज हुई थी जमानत अर्जी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मुख्य मामले के दो और आर्म्स एक्ट के दो आरोपी शामिल
- एंटी डकैती कोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से रखी गईं दलीलें

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य मामले में शामिल दो आरोपियों और शस्त्र अधिनियम के मामले में दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से दाखिल की गई जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने अर्जियों को खारिज कर जमानत नामंजूर कर दी है।

कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर कुख्यात विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। ताबड़तोड़ फायरिंग में बिल्हौर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के कुख्यात सरगना विकास दुबे सहित 21 अभियुक्तों को नामजद करते हुए 45-50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद एक्शन में आई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विकास दुबे सहित छह अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया था।

पुलिस ने अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ मुख्य मामले में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किए थे। वहीं पुलिस ने कई आरोपियों से खिलाफ अलग-अलग शस्त्र अधिनियम के मामले भी दर्ज कर आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। इन सभी मामलों की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है।

मुख्य मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी गुड्डन शुक्ला उर्फ उमाकांत उर्फ बऊवन और वीर सिंह उर्फ नन्हकू की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जबकि शस्त्र अधिनियम के मामले में आरोपी रमेश चंद्र और धर्मेंद्र उर्फ हीरू की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल हुई थी। इसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चारों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके पहले बीते सोमवार को अदालत मुख्य मामले के तीन आरोपियों जहान सिंह, गोपाल सैनी और रामू बाजपेई उर्फ रविंद्र की जमानत अर्जियों को खारिज कर चुकी है।

# मारपीट में चार दोषियों को तीन साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अकबरपुर क्षेत्र के बनारअलीपुर में 25 साल पहले हुई थी घटना
- अदालत से सभी अभियुक्तों पर 8-8 हजार रुपये जुर्माना लगा

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के बनारअलीपुर गांव में करीब 25 साल पहले भैंस के खेत पर जाने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बनारअलीपुर गांव निवासी मुन्नालाल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 मई 2000 को उसके भाई सत्यनारायण की भैंस अचानक खूंटे से छूट कर गांव के सरमन के खेत में चली गई। इसपर सरमन ने भैंस अपने दरवाजे पर बांध ली। जब उसके भाई को जानकारी हुई तो वह अन्य भाईयों सत्यनारायण, जगदीश व संतोष के साथ भैंस लेने के लिए सरमन के दरवाजे पर गया तो वह गालीगलौज करने लगा। जब भाई ने विरोध किया तो सरमन, जगदीश, विनोद व पप्पू ने उसके भाईयों पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए सभी चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट शैलेंद्र निगम की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चारों आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर आठ-आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर सभी को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीनने वाला लुटेरा गिरफ्तार

संवाददाता, शिवली


मोबाइल के साथ गिरफ्तार आरोपी।

**अमृत विचार।** कार से मोबाइल छीनकर भागे एक आरोपी को पुलिस ने छीने गए मोबाइल व कार के साथ पकड़ा है। जबकि उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

कानपुर नगर के शास्त्रीनगर के रहने वाले संतोष का मोबाइल फोन बाघपुर के एक गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार को छीन कर ईको कार सवार दो युवक भाग निकले थे। इधर शिवली कोतवाली के तिलीयानी गांव निवासी शिवम ने फोन से पुलिस को भांजे संतोष का कार सवार बदमाशों द्वारा मोबाइल छिनैती कर भागने की सूचना दी गई थी। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि झपटमारी कर मोबाइल छीने जाने पर एसआई प्रवीण कृष्ण मिश्र, सिपाही धीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, अरुण कुमार, बोबी सिंह की टीम का तत्काल गठन किया गया। पुलिस ने मैथा नहर के पास ईको कार को घेर लिया। जिसमे सवार कानपुर नगर के थाना सचेंडी के चंदनामऊ गांव के विनय कुमार उर्फ नंदू को पकड़ा गया है। उसके पास से छीने गए मोबाइल के अलावा चार अन्य मोबाइल, 750 रुपये व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। जबकि उसका साथी थाना सचेंडी के झकरा गांव का अर्जुन भाग निकला है। उसकी तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### अब तक कई वारदातों को अंजाम दे चुके आरोपी

झपट्टा मार कर मोबाइल फोन छीनने का आरोपी विनय व उसका अर्जुन काफी समय से इस तरह को घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस की पूछताछ में बताया कि इस घटना के पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर चार मोबाइल उड़ा चुके है। अब जाकर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

## खेत जा रही वृद्धा का मंगलसूत्र और बाले लूटे

**रूरा।** थाना क्षेत्र के उलरापुर गांव में खेत जा रही वृद्ध महिला से बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने लूट कर ली। उलरापुर गांव की रहने वाली जयश्री गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे खेत जा रही थी, तभी दो युवक मोटर साइकिल से मुंह बांधे आए और उसे धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद जबरदस्ती कान में पहने हुए सोने के बाले और मंगलसूत्र छीन ले गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कंट्रोल रूम में बताएं उर्वरक की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में खोला गया कंट्रोल रूम
- कंट्रोल रूम प्रभारी के मोबाइल नंबर पर दर्ज कराएं शिकायत

**अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में खरीफ सीजन की बुआई व रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों द्वारा उर्वरक की खरीद की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मांग को देखते हुए निर्धारित दरों पर उनकी जोतबही के अनुसार संस्तुति मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता, जमाखोरी-कालाबाजारी को रोकने व निर्धारित दर से अधिक दर पर बिक्री पर अंकुश लगाए जाने के लिए कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी वरिष्ठ सहायक प्रभारी सर्वेश प्रताप सिंह व प्रतिष्ठा यादव को नामित किया गया है।

कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 07839882515 है। जिन किसानों को उर्वरक क्रय करने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है। वह जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में सुबह 10 बजे से सायं 5 तक अपनी शिकायत रजिस्टर करा सकते हैं। जिसका निस्तारण किया जाएगा। कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान समय में 31070 मीट्रिक टन यूरिया एवं 4765 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। किसान पीएम प्रणाम योजना के विषयक में दानेदार यूरिया के स्थान पर द्वितीय टॉपड्रेसिंग में नैनो यूरिया एवं डीएपी के स्थान पर एसएसपी, एनपीके, नैनो डीएपी का प्रयोग करें।

### प्रतिबंधित कीटनाशक की बिक्री पर होगी कार्रवाई

**कानपुर देहात।** पंजीकृत विक्रेता केवल उन्हीं कीटनाशकों की खरीद-फरोख्त कर सकेंगे, जिसके लिए लाइसेंस जारी किया गया है। प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री करने पर कीटनाशी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी जिला कृषि रक्षा अधिकारी रामनरेश ने सभी पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को दी है। उन्होंने बताया कि कीटनाशक का व्यापार करने के लिए जिस कंपनी या थोक विक्रेता द्वारा कृषि निवेश क्रय किया जाता है। उससे संबंधित कम्पनी प्रतिनिधि से या थोक विक्रेता से बिल अनिवार्य रूप से लेकर अपने पास सुरक्षित रखें। ताकि निरीक्षण के समय उसे दिखा सकें। सभी कीटनाशी विक्रेता केवल उन्हीं कीटनाशी रसायनों की खरीद व बिक्री करेंगे, जिनका अधिकार उनके कीटनाशी प्राधिकार पत्र पर दर्ज है, अन्यथा कीटनाशी अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लैकलिस्टेड होंगे लापरवाह वेंडर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पीएम सूर्य घर में प्रगति न होने पर डीएम ने दिए निर्देश
- सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी और डी श्रेणी की हुई समीक्षा



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित बी, सी एवं डी श्रेणी संबंधित परियोजनाओं की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। समीक्षा के दौरान कई विभागों की मौजूदा प्रगति असंतोषजनक मिली।

जिलाधिकारी आलोक सिंह ने डी श्रेणी प्राप्त नेडा, विद्युत, उद्योग एवं एमएसएमई विभाग के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने फीडिंग कार्य में लापरवाही न करने और समय से त्रुटि रहित अद्यतन आंकड़े पोर्टल पर फीड करने के सख्त निर्देश दिए। वहीं पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर रूफटॉप स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी नेडा अधिकारी से खफा दिखे।

उन्होंने कहा कि सोलर रूफटॉप की स्थापना में लापरवाही व लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति वाले वेंडर्स की सूची भेजें। यदि उनकी ओर से अपेक्षित प्रगति नहीं की जाती है तो नियमानुसार ब्लैकलिस्टेड किया जाए। जिलाधिकारी ने सीडीओ को डी-ग्रेड प्राप्त परियोजनाओं पर विशेष निगरानी रखने और आगामी समीक्षा में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, उपायुक्त उद्योग मो. सउद आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप




मंगलपुर क्षेत्र के गढ़िया घासीराम गांव के खेत पर गिरे उपकरण। अमृत विचार

### आसमान से गिरा उपकरण, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के गढ़िया घासीराम गांव के ग्रामीणों में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के कुंवर सिंह खेत में आसमान से उपकरण गिरने की खबर फैली। लोग घरों से निकलकर खेत की तरफ दौड़ पड़े, लेकिन खतरे से आशंकित ग्रामीण खेत पर पड़े उपकरण के समीप जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। ग्रामीणों के मुताबिक आसमान से खेत पर गिरे उपकरण के साथ सफेद थर्माकोल के डिब्बे में लाल लाइट जल रही थी। पड़ोस के जमींदार के खेत में एक गुब्बारेनुमा वस्तु गिरी पड़ी थी। इस बीच किसी ने झींझक चौकी पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस फौरन गढ़िया गांव पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से पुलिस खेत पर गिरी उस उपकरण के करीब पहुंची और उसे अपने कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक उपकरण मौसम विभाग की सफेद रंग की डिवाइस है। उस पर मौसम विज्ञान के उपमहानिदेशक (उपकरण उत्पादन) का कार्यालय भारत मौसम विज्ञान विभाग लोदी रोड नई दिल्ली लिखा है। जब पुलिस ने इस बात की जानकारी दी, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि पुलिस ने अनुमान लगाया कि मौसम विज्ञान विभाग का यह कोई उपकरण है, जो सैटेलाइट से संचालित होकर मौसम की जानकारी देता होगा। किसी वजह से इसका कनेक्शन टूट गया या इसमें जो रबर वाल्व है, उसके फूटने से यह नीचे खेत पर गिरा है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौसम विज्ञान का उपकरण होने की संभावना है। इसकी जांच की जा रही है।


सिकंदरा कस्बे में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### बैंडबाजे के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**सिकंदरा।** कस्बे के रामजानकी मंदिर परिसर से बैंडबाजों के साथ शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह भक्तों ने भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं को शर्बत वितरण किया गया। सिकंदरा कस्बे के मोहम्मद नगर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से बैंडबाजों के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की तादात में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में जयकारे के उदघोष किए। वहीं तेज धूप का असर श्रद्धालुओं पर दिखाई नहीं दिया। शोभायात्रा श्रीराम-जनकी मंदिर से पटेल चौक पर पहुंची। जहां भक्तों ने यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के बीच शर्बत वितरण किया। यात्रा पटेल चौक से काली माता मंदिर होते हुए रामलीला मैदान से महाकालेश्वर मन्दिर परिसर पहुंची। जहां भक्तों व श्रद्धालुओं के बीच चने के दाल-भात का प्रसाद वितरण किया गया। भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने हरी नाम के संकीर्तन के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। इस दौरान श्री 108 महंत वीरेंद्र दास, आकाश सक्सेना, माहते राठौर, पूर्व सभासद अरविंद पाल, रामू कटियार, नीरज मिश्रा, प्रदीप त्रिवेदी, बबलू कटियार, संजय मिश्रा, अजय बाजपेई, शिशु मिश्र, आशू दुबे, गंधर्व सिंह कुशवाहा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

कटिया मशीन शो पीस | डीपीआरओ के संतोषजनक जवाब न देने पर खफा हुए एमएलसी अरुण पाठक

# जनता की सेवा चुनी है तो करना होगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


माती सर्किट हाउस में बैठक करते एमएलसी अरुण पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अगर जनता की सेवा चुनी है, तो काम भी करना पड़ेगा। जनहित के कार्यों में लापरवाही अक्षम्य है। उक्त बात स्नातक एमएलसी ने माती सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों के बीच कही।

शुक्रवार को स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने सीडीओ लक्ष्मी एन. की मौजूदगी में डीपीआरओ व जल निगम की समीक्षा बैठक की। उन्होंने डीपीआरओ विकास पटेल से शासन की महत्वाकांक्षी योजना मॉडल ग्राम पंचायत, आरआरसी सेंटर, स्वच्छता, रिबोर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग पर जब जानकारी मांगी तो वह उसका सही जवाब नहीं दे सके। एमएलसी ने जब उनसे दो वर्ष के कार्यकाल में जनपद की 618 ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के बारे में पूछा तो उसका का भी कोई सही जवाब नहीं मिला। गांवों के विकास के लिए होने वाली खुली बैठकों के बावत भी डीपीआरओ संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

वहीं ग्राम पंचायतों में सुरक्षा को लेकर कैमरों की खरीदारी में भी गड़बड़ी की बात प्रकाश में आने पर एमएलसी ने नाराजगी जताई। बैठक के बाद एमएलसी ने जमीनी हकीकत परखने के लिए जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत जलालपुर नागिन का निरीक्षण किया। मौके पर आरआरसी सेंटर की शुरुआत नहीं मिली। गौशाला परिसर में हरा चारा काटने को रखी मशीन का निरीक्षण किया तो पाया कि महीनों से उसे चलाया ही नहीं गया और गुमराह किया जा रहा था। केयर टेकर ज्ञान सिंह से पूछताछ पर उसने मशीन से रोजाना चारा काटने की बात कही। मौके पर मौजूद सचिव खुशबू श्रीवास्तव गौशाला का कोई रिकॉर्ड नहीं दिखा सकी। मौजूद रजिस्टरों में वर्षों से नामांकन नहीं किया था। वहीं गोवंशों के लिए न तो पीने के पानी और चारे की व्यवस्था न मिलने पर एमएलसी ने कड़ी नाराजगी जता कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके पूर्व उन्होंने सर्किट हाउस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

इसके बाद उन्होंने अस्वस्थ चल रहे ब्लॉक प्रमुख स्वतंत्र पासवान के आवास पहुंचकर हालचाल लिया। इस दौरान संदलपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि बालजी शुक्ला, चेयरमैन रूरा रामजी गुप्ता, राकेश तिवारी, शिरोमणि सिंह, दिनेश मिश्रा, आशीष दीक्षित, प्रभात मिश्रा, अभिनव पाठक, अनमोल गुप्ता, अर्पित मिश्रा, अंकित परमार, निखिल साहू, रवि शर्मा आदि रहे।

# नए छात्रों का स्कूलों में होगा भव्य स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एक जुलाई को रोली व तिलक लगाकर किया जाएगा स्वागत

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक जुलाई से स्कूल खुलने पर नया प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत होगा। स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण भी शुरू होगा। इस संबंध में स्कूली शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने पत्र जारी किया है।

एक जुलाई से विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू हो रहा है। छुट्टी के दौरान स्कूलों के बंद रहने के कारण दोबारा खुलने पर विद्यालय परिसर की स्वच्छता व सजावट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा महानिदेशक की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विद्यालयों की रंगाई-पुताई, सफाई, सजावट तथा रंगोली बनाकर विद्यालयों में उत्सव जैसा वातावरण बनाया जाए। ड्राप आउट बच्चों की सूची बनाकर अभिभावकों से संपर्क बनाया जाएगा। एक से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का आयोजन होगा। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का रोली व तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। एक जुलाई को विद्यालय की सजावट कर मिडडे मील में हलवा व खीर बच्चों को वितरित की जाएगी। स्कूल चलो अभियान में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक घर-घर जाकर संपर्क करके बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराएंगे। ड्रॉपआउट व आउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूची बनाकर उनके अभिभावकों से संपर्क कर उनकी काउंसिलिंग करने साथ ही नियमित विद्यालय आने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2.30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।



लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलवीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

# अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

## संवेदनशील मामलों में डॉक्टर व अधिकारी बरतें सावधानी : ब्रजेश पाठक



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक, पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए। सीएमओ हर जिले में दो शव वाहन की व्यवस्था करें।

### पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं

महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

- 8800 ईसीसीई एजुकेटर की जिला स्तर पर होगी नियुक्ति शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है, बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास के लिए वातावरण सृजन करना होगा।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।



गजेंद्र यादव

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

# छह शहरों की संवरेगी सूरत, 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

- लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का होगा विकास
- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद

बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।


## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।



### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | | 2 अ | 3 प | क | ऱ् | ष |
| शा | | | रि | | | |
| 4 ख | ट | रा | ग | | | 5 ना |
| | | | ण | | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | | | क |
| श | | | | | | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | | र |

## सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06.35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** — आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** — आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** — आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।**

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका

**एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।**

इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडड्र्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडड्र्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।


अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।**

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष मं जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।


आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

**उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।**

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# दूसरे दिन माइनर में उतराता मिला लापता बच्ची का शव

## एसपी ने अफसरों के साथ घटना स्थल का किया निरीक्षण, बच्ची की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, औरास उन्नाव



माइनर के पास मौजूद ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाबा को पानी देने के बाद लापता हुई 6 वर्षीय बच्ची का शव गांव के पास माइनर में उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच कर शव बाहर निकलवाया। सूचना पर एसपी भी मौके पर पहुंचे और गहनता से जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करने के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं परिजन मौखिक रूप से बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे है। लेकिन अभी उन्होंने इस संबंध कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 6 वर्षीय बेटी बीती गुरुवार रात आठ बजे घर से कुछ दूर झोपड़ी डालकर मवेशियों की रखवाली कर रहे अपने बाबा को खाना देने गई थी। इसके बाद वह झोपड़ी के बगल में लगे नल से पानी भरकर बाबा को देकर घर लौटने की बात कह निकल आई। लेकिन वह घर नहीं पहुंची। रात होने पर और उसके घर न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। इस पर शुक्रवार को परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। एसओ की सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया डॉग स्क्वाड के साथ पहुंचे और बच्ची की तलाश कराई। लेकिन उस समय बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका। दोपहर में पड़ोसी गांव से अपने आम के बाग से लौट रहे गांव निवासी युवक ने गेरुवा गांव से निकली माइनर में बच्ची का अर्धनग्न शव उतारता देख ग्रामीणों को सूचना दी। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। सूचना पर सीओ ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन देकर अपनी मौजूदगी में बच्ची के शव को पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। ग्रामीणों ने बच्ची का शव हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई है।

शाम करीब पांच बजे थाने पहुंचे एसपी दीपक भूकर ने घटना के बारे में गहनता से जानकारी ली। मृतका दो बहन व एक भाई है। मृतका भाई बहन में दूसरे नंबर की थी। छोटी बेटी की असमय मौत पर परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

### दुष्कर्म के बाद हत्या कर फेंका था शव, आरोपी मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

**उन्नाव , अमृत विचार :** बच्ची का शव माइनर में बरामद होने पर पुलिस की जांच में उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की बात सामने आई। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर औरास पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया। पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच की तो मासूम को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के बाद शव माइनर में फेंके जाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने प्रकाश में आए आरोपी रावेन्द्र कुमार पुत्र रामचंद्र को नहर की झाल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि युवक ने भागने के दौरान फायरिंग की। जिसकी जवाबी कार्रवाई में उसे पैर में गोली भी लगीं। जिसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है। वहीं सीओ अरविंद चौरसिया के मुताबिक युवक मासूम बच्ची का रिश्तेदार है। उसने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने का जुर्म कबूल किया है।



जांच करते एसपी दीपक भूकर व अन्य अधिकारी।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से अधेड़ ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा निवासी अधेड़ ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा निवासी निजामुद्दीन (50) पुत्र अजमत ने अज्ञात कारणों से शुक्रवार सुबह घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। चर्चा है कि निजामुद्दीन मानसिक रूप से बीमार था। उसकी मौत की सूचना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गिरा पेड़, आवागमन रहा बाधित

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होने से उस समय बच गया जब बम्हना चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ा एक पुराना बबूल का पेड़ अचानक भर-भराकर गिर गया। पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शुक्रवार करीब 12 बजे कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के बम्हना गांव के पास स्थित पुराना जर्जर पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि राहगीरों ने समय रहते शोर मचाकर दोनों ओर से आ रहे वाहनों को रोक दिया। जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पैदल यात्रियों ने भी भागकर जान बचाई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन रक्षक राजकुमार ने ग्रामीणों की मदद से पेड़ की शाखाएं कटवाकर रास्ता साफ कराया। इस दौरान करीब 30 मिनट तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा।

### महिला समेत तीन को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** क्षेत्र के तीन अलग-अलग गावों में जहरीले कीड़े के काटने से एक महिला सहित तीन लोगों की हालत गंभीर हो गई। सीएचसी से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा निवासी तोताराम का 28 वर्षीय बेटा अजय कुमार शुक्रवार सुबह घरेलू काम कर रहा था। तभी अचानक जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। इसके अलावा बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव भिक्खनपुर गोपालपुर निवासी दीपक की पत्नी नीतू (38) बीती गुरुवार शाम घर में कूड़ा उठा रही थी। तभी अचानक उसकी उंगली में जहरीले कीड़े ने काट लिया। वहीं गुरुवार देररात कोतवाली क्षेत्र के गांव केसरी पुरवा निवासी नरायन के 25 वर्षीय बेटे मंजेश को भी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर तीनों के परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने तीनों जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर गुरुवार रात एक अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आजाद नगर निवासी 20 वर्षीय मनोज रावत जाजमऊ स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। गुरुवार रात वह ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के सामने राजधानी मार्ग पर पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## नाले में धान की नर्सरी धुल रहे किसान की डूबने से हुई मौत

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** रोपाई के लिए नाले में धान की नर्सरी धुल रहे किसान की डूबने से मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर तरेहा गांव निवासी प्रेम (38) पुत्र लूशी उर्फ श्रीपाल के खेत में धान रोपाई होनी थी। इसके लिए वह बगल में ही नाले में भरे पानी में धान की नर्सरी की धुलाई कर रहा था। तेज धूप के चलते वह अचेत होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक खेत न पहुंचने पर परिजन वहां पहुंचे और उसे बाहर निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत से पत्नी चांदतारा व 18 वर्षीय बेटी मानसी सहित 5 वर्षीय बेटी चाहत का रो-रोकर बुरा हाल है। वह खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि पानी में डूबने से किसान की मौत हुई है। शव पीएम के लिए भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▸▸ ससुराल जाते समय मौरावां बछरावां मार्ग पर हुआ हादसा




**अमृत विचारः** पत्नी को लेकर उसके मायके जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की उछलकर सड़क पर गिरने से मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल पति ने भी अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। इसकी खबर पर पहुंचे परिजन शवों को देखकर बेहाल हो गए।

मौरावां थानाक्षेत्र के मदाखेड़ा गांव निवासी सनिल (25) पुत्र स्व. विजय कुमार रावत अपनी पत्नी संजना (21) को लेकर शुक्रवार शाम पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रहिमापुर गांव स्थित ससुराल जा रहा था। तभी मौरावां-बछरावां मार्ग पर कस्बा के मोहल्ला लक्ष्मीपुरम के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपति उछलकर सड़क पर गिर गए और वाहन दोनों को रौंदता हुआ निकल गया। इसमें संजना की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सनिल की सांस चलते देख उसे अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब मे मिले आधारकार्ड से पहचान कर पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिजन दोनों के शव देख बेहाल हो गए। सनिल के छोटे भाई अनिल ने बताया कि 7 फरवरी 2025 को दोनों की शादी हुई थी। बताया कि सनिल दिल्ली में कपड़ों की सिलाई का काम करता था। चार महीने पहले ही वह घर लौटा था। उसके पिता की भी 10 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बेटे की मौत से मां बुधाना व अन्य परिजन बेहाल हैं। वहीं संजना की मौत की खबर से उसकी मां श्यामकली, पिता बिंद बहादुर, छोटी बहन अदिति व सुहानी अस्पताल पहुंची। बेटी-दामाद का शव देख माता-पिता बिलख पड़े। वहीं एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दंपती के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। परिजनों की तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें ध्यान : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता एक करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए और जल निगम शहरी को कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। यूपी सिडको को कार्य में प्रगति लाने के साथ कार्य जल्द पूर्ण करने तथा हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। सीएनडीएस के द्वारा किए जा रहे कार्य को समय से करने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा हो रहे कार्यों को समय से करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थाओं को सा समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा डीएम ने स्थानीय जीआईसी कालेज के परिसर में संचालित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि भवन मरम्मत के साथ ड्रेन एवं इंटरलॉकिंग, चहारदीवारी का निर्माण एवं विद्युत कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराये। बालकों के आने-जाने वाला मार्ग, मुख्य संपर्क मार्ग से जोड़ा जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षण बाल मुकुन्द तथा समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त एवं कार्यदायी संस्थी सिडिको के अधिकारी, सूचना विभाग के नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।



गांधी भवन का निरीक्षण करते डीएम साथ में नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी।

### गांधी भवन के बाहर एक माह में बनेंगी दुकानें

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी के साथ गांधी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गांधी भवन की बाउन्ड्री के किनारे बनी दुकानों को स्थायी स्थापित करने के लिए गांधी भवन की बाउन्ड्री के अन्दर ही की दुकाने एक माह में नगर पालिका परिषद बनवायेगी। जो दुकानदार बाहर रोड के किनारे दुकाने लगाएं, उन्हीं के आवेदन लेकर दुकानें दी जायेगी और दुकान का किराया नगर पालिका द्वारा लिया जायेगा। दुकानदारों की सुविधा के शौचालय बनवाये जायेगें और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी तथा सूचना विभाग के नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाये। परिसर में साफ सफाई रखी जाये। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं पर बात की।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने नियमित जन सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओ को सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शुक्रवार को जन सुनवाई के दौरान कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवाई गयी।



जामा मस्जिद में तैनात पुलिस व पीएसी। अमृत विचार

### जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट

चाक चौबंद की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस की लोगों से शांति बनाए रखने

संवाददाता, पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी में मोहर्रम के पहले जुमे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सभी जगह जुमे की नमाज़ शांतिपूर्वक अदा की गई, वहीं मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एसएचओ विद्यासागर पाल ने शुक्रवार को नगर की प्रमुख जामा मस्जिद, इस्लामगंज बाजार, चौहट्टा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा कराई गई। वहीं जुमे की नमाज़ के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर धार्मिक स्थलों के आस-पास पुलिस व पीएसी की बटालियन तैनात रही।

## व्यक्ति की जेब से मोबाइल व पर्स चोरी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सदरियापुर गांव के निवासी हरिशरण के साथ चोरी और धोखाधड़ी की वारदात हुई है। घटना 22 जून 2025 की है। हरिशरण झांसी से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से मोबाइल फोन और पर्स चुरा लिया। पर्स में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। अगले दिन 23 जून को जब वह बैंक ऑफ इंडिया की बिलग्राम शाखा पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 20,000 रुपए निकाल लिए गए हैं। पीड़ित ने कोतवाली बिलग्राम में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में मोबाइल के दोनों IMEI नंबर और बैंक खाते का विवरण भी दिया है।

## हादसे में घायल होमगार्ड के बेटे की इलाज के दौरान मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** गोड़वा -जनिगांव सड़क पर गुरुवार की शाम ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल होमगार्ड के बेटे की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई, उसके साथी का इलाज चल रहा है।



रहीमाबाद लखनऊ डॉयल 112 में तैनात होमगार्ड सन्तोष दीक्षित निवासी सोनिकपुर थाना अतरौली के पुत्र सौरभ (23) अपने गांव के ही निवासी रोहित सिंह (26) पुत्र सुरेन्द्र सिंह के साथ गुरुवार की शाम बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से लौट रहा था। गोड़वा -जनिगांव सड़क पर बाजार से 50 मीटर दूर सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल सौरभ व रोहित को एम्बुलेंस से सीएचसी भरावन ले जाया गया, जहां से सौरभ को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान देर शाम सौरभ कर मौत हो गई। जबकि रोहित का इलाज चल रहा है।

## कार से बकरियां चोरी करने वाले चार दबोचे

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने बकरा और बकरियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर महिला सहित चार को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो बकरियां, एक बकरा, कार एवं 25000 की नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने एक केस की जांच पड़ताल करते हुए बब्बू, अलीशा पत्नी बब्बू निवासी मोहल्ला जोगी नवादा थाना बारादरी जनपद बरेली, मोहम्मद आरिफ निवासी मोहल्ला बंगस थाना शहर कोतवाली शाहजहांपुर एवं शानू निवासी ग्राम गाजीपुर थाना सिधौली जनपद शहजहांपुर को गिरफ्तार किया।

## दूसरे के फोन से ले लिया 75 हजार का लोन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले का मोबाइल फोन लेकर तीन बार में 75 हजार का लोन ले लिया। आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मोहिउद्दीनपुर निवासी अंकित ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि चुंगी नंबर 2 पर फ़ास्टफूड की दुकान चलाता है। दुकान पर महमदपुर निवासी अमित पटेल आए दिन मोबाइल फोन लेकर चलाया करता था। मोबाइल फोन पर 6 दिसम्बर 2024 और 14 फरवरी व 19 मार्च को तीन बार 75 हजार रूपये का लोन लेकर साइबर लूट कर ली। उसे तब पता चला जब उसके पीएनबी के खाते से लोन की किस्त कटने लगी। किस्त न जमा होने पर बजाज फाइनेंस किस्त लेने घर पर आने लगे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

### लिफ्ट लेकर बाइक सवार के 20 हजार रुपये उड़ाये

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर तिराहा से एक ठग ने बाइक सवार से लिफ्ट लेकर जेब से 20 हजार रुपए उड़ा दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खनिगवा खुर्द के मजरा जमालपुर निवासी राजनरायन के अनुसार वह शुक्रवार को दोपहर में गांव से शाहाबाद बाइक से आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर तिराहे पर अज्ञात युवक ने खुद को बीमार बताते हुए लिफ्ट मांगी। उसने युवक को बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उसने पीड़ित की जेब काटकर 20 हजार रुपये उड़ा दिए और शाहाबाद से पहले सफीपुर पेट्रोल पंप के निकट अपने साथी के साथ बैठकर भाग गया। उसने लालपुर तक पीछा भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाली पुलिस ने लिखित तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सर्प दंश से किसान की मौत के बाद 24 घंटे तक कराते रहे झाड़-फूंक

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत में किसान को कोबरा सांप ने डंस लिया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां कुछ ही देर बाद मौत हो गई। लेकिन फिर भी उसे जिंदा कराने की उम्मीद में 24 घंटे तक झाड़-फूंक कराई जा जाती रही। अगले दिन पोस्टमार्टम के लिए शव पुलिस को सौंपा गया है।



लोनार थाने के धनेउली मजरा हुसैनपुर सहोरा निवासी राज करन (49) के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां निशा व नेहा है। निशा की शादी हो चुकी है, जबकि नेहा 12वीं की पढ़ाई कर रही है। गुरुवार को राजकरन खेत पर धान की सिंचाई कर रहा था, उसी बीच कोबरा सांप ने डंस लिया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। बड़े भाई रावेंद्र पाल ने बताया कि कुछ रिश्तेदारों ने झाड़-फूंक कराने का दबाव बनाया, जिसके बाद वह शव लेकर टड़ियावां थाने के थमरवां और पाली थाने के कछेलिया के अलावा और कई गांव झाड़-फूंक कराने पहुंचा। लेकिन उसे बचा नहीं सके।

## स्कूल मर्ज होने से बच्चों का शिक्षा से वंचित होने का खतरा : आलोक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा के नेतृत्व में हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत और टड़ियावां विधायक श्याम प्रकाश से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उनको दिया।

ज्ञापन में बड़ी संख्या में स्कूल मर्ज किए जाने से स्कूल से बच्चों की दूरी बढ़ जाने के विरोध में दिया गया। इससे बच्चों का शिक्षा से वंचित होने का खतरा है। इस अव्यवहारिक और संवेदनहीन आदेश को वापस लिए जाने की मांग की। सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारी पेयरिंग व्यवस्था के नाम पर विद्यालयों का मर्जर करने का निर्देश दे रहे हैं। इससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चो का भविष्य चौपट हो जाएगा। विद्यालय की दूरी अधिक होने पर स्कूलों के बच्चे अन्य विद्यालयों तक नहीं पहुंच सकेंगे। अत्यधिक सर्दी सर्दी,वर्षा और और अत्यधिक गर्मी के मौसम में स्कूलों तक बच्चों का पहुंचना मुश्किल होगा। ऐसे में भारतीय संविधान में प्रदान किये गये शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित रह जायेंगे।विद्यालयों की छात्र संख्या के बहाने स्कूलों को बंद कर नौनिहालों के जीवन से शिक्षा छीनी जा रही है। विद्यालयों के मर्ज़र से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चो को शिक्षा से वंचित रहना पड़ेगा। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल में जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय,अनूप दीक्षित, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, संगठन मंत्री मनीष राठौर, सिद्धार्थ पाण्डेय, कमल किशोर कोहली, ब्लॉक अध्यक्ष बावन अभिषेक गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष टोडरपुर नरेंद्र शर्मा, आशुतोष मिश्रा, मुनेश्वर आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता को अगवा करने में 5 पर केस

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे की एक पीड़िता ने एसपी से की गई शिकायत में तीन महिला व दो पुरुषों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के पीरजादा मोहल्ला निवासी गुड्डी देवी पत्नी गंगाराम की पुत्री शुभी की शादी बिलग्राम कोतवाली के सदियापुर गांव निवासी राहुल से हुई थी। 20 जून को ससुराल जाते समय रास्ते से बेटी का संडीला कस्बे के मोहल्ला जोशियांन निवासी ऊषा पत्नी ओमप्रकाश, सुधा पत्नी जितेंद्र, शेषपाल, शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव किलपुर निवासी होरिका और उसके पति अजय ने उसका अपहरण कर लिया, जिसकी शिकायत थाने पर की गई। सुनवाई न होने पर एसपी से शिकायत की।

## संदिग्ध हालात में युवती की मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** 26 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालत में ससुराल में मौत हो गई। ससुराल वाले उसका शव छोड़कर फरार हो गए। मृतका के परिजनों ने उसकी ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली देहात के नीर निवासी शिवराज सिंह ने बेटी सोहिनी सिंह की शादी हरपालपुर थाने के दस्योली निवासी चन्द्रभान सिंह उर्फ राहुल पुत्र मुकेश सिंह के साथ करीब पांच साल पहले की थी। सोहिनी के एक तीन साल की बेटी भी है। चन्द्रभान हरियाणा में शराब के ठेके पर सेल्समैन था, लेकिन कुछ सालों से नौकरी छोड़ कर गांव में रह रहा था। सोहिनी के पिता शिवराज सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बेटी के चचेरे ससुर संजय सिंह ने फोन पर बताया कि सोहिनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवराज अपने घर वालों को साथ लेकर पहुंचा तो वहां बरामदे में सोहिनी का शव ज़मीन पर पड़ा था, जबकि ससुराल वाले फरार थे। पिता शिवराज सिंह ने बताया कि सोहिनी की गला घोंटकर हत्या की गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया। पिता की तहरीर में मृतका के पति चन्द्रभाल उर्फ राहुल सिंह, चचेरे ससुर संजय सिंह, सास,जेठ सूर्यभान सिंह, जेठानी और ननद दहेज़ में बुलेट बाइक की मांग के चलते गला हत्या का आरोप लगाया गया है।

### युवती बरामद, आरोपी युवक भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र से करीब साढ़े तीन माह पूर्व भगा कर ले जाई गई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है, साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 6 मार्च को महिला ने थाना पिहानी पर तहरीर दी थी कि शिशुपाल निवासी ग्राम मन्सूरनगर थाना पिहानी उसकी पुत्री को फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव, पहचान नहीं

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी था हरदोई, अमृत विचार। हरदोई रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रौज़ा जंक्शन की तरफ चांदमारी के सामने ट्रैक पर बुज़ुर्ग का शव पड़ा मिला। वहां पहुंची कोतवाली देहात की पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। कोतवाली देहात पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी। लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग ने सफेद कुर्ता-पायजामा पहन रखा था।

### मोहर्रम को लेकर थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोहर्रम कमेटी के सदस्य खुर्शीद आलम भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी अंकुर शर्मा ने कहा कि ताजिया 10 फुट से ऊंचा नहीं होना चाहिए। शांतिपूर्ण त्यौहार मनाना सभी का दायित्व है।


शहर में निकलती विशाल रथयात्रा। अमृत विचार


रथ में विराजे भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ व सुभद्रा। अमृत विचार

# रथ में सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ जी

## जगन्नाथ रथयात्रा: रथ का रस्सा खींचने को लेकर श्रद्धालुओं में रही होड़, भक्तों द्वारा लगातार बांटा जाता रहा भगवान का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर में शुक्रवार को उल्लासपूर्ण ढंग व बड़े श्रद्धाभाव से विशाल जगन्नाथ यात्रा निकाली गई। इसमें जहां तमाम देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। वहीं आतिशी नजारों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यही नहीं धार्मिक गीतों पर नृत्य करते कलाकारों ने सभी को आकर्षित किया। आराध्य देव का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रही। वह अपनी बारी की प्रतीक्षा में रथ के आसपास खड़े होकर रस्सा थामने का इंतजार करते रहे।

वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत शहर में बड़ी नहर के पास स्थित दीनेश्वर मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रथयात्रा की शुरुआत हुई। समिति के पदाधिकारियों ने सांसद साक्षी महाराज व सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ मिलकर रथयात्रा को गंतव्य के लिए रवाना कराया। यही नहीं रथयात्रा में बैंड पार्टियों के आगे-पीछे शामिल विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर साज-सज्जा वाली झांकियां लोगों को आकर्षित करती रहीं। इस दौरान जहां कई बैंड पार्टियां भजनों की धुन बजाते हुए आगे बढ़ती रहीं। वहीं युवा मंडल में शामिल युवक-युवतियां इस दौरान डांडिया नृत्य करते हुए चल रहे थे। यही नहीं महिला मंडल भी गर्व के साथ रथयात्रा में शामिल था। भगवान जगन्नाथ जी को आयोजकों ने खूब सजे हुए बड़े से रथ पर सवार कर रखा था। इस रथ पर सवार आचार्य जहां मंत्रोच्चारण कर रहे थे वहीं पूरे रास्ते प्रसाद भी बांटा जाता रहा। श्रद्धालुओं में दर्शन-पूजन व प्रसाद लेने के साथ रथ का रस्सा खींचने की होड़ रही। वह रथ के साथ चलते हुए रस्सा थामने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सभी भक्त रथ खींचकर खुद को धन्य समझते हुए हाथ जोड़कर भगवान से अगले वर्ष फिर यह मौका देने की प्रार्थना करते रहे। यात्रा का जगह-जगह खासकर मंदिरों के पास समूह में एकत्र होकर श्रद्धालु भक्तिभाव से पूजन-अर्चन कर आरती उतारते रहे। यही नहीं पूजन करने वाले भक्त भगवान को फल आदि अर्पित कर मौके पर मौजूद लोगों के बीच भी बांट रहे थे। यात्रा गांधीनगर तिराहा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, बड़ा चौराहा, आईबीपी चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर बढ़ती रही। यात्रा में नपा अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, रजनीकांत श्रीवास्तव, निम्मी अरोड़ा, साधना दीक्षित, मोतीलाल गुप्ता, निखिल गुप्ता, निश्चित श्रीवास्तव, निर्भय निगम आदि भक्त मौजूद रहे।

**समापन आरती पर बना अलौकिक दृश्य:** रथयात्रा का समापन मोतीनगर स्थित हनुमान मंदिर में हुआ। घंटों पहले यहां आगे स्थान पाने के लिए क्षेत्र के लोग पहुंचने लगे थे। यहां 108 श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ की 11-11 दीपों से आरती उतारी। जिससे मनोहारी दृश्य बना रहा। यहां कई लोग भगवान के रथ पर सिर रखकर आशीर्वाद लेते रहे।

**एहतियातन कड़ी की रही सुरक्षा व्यवस्था:** रथयात्रा के दौरान पूरे रूट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी। जहां रथयात्रा के आगे कई उपनिरीक्षकों के साथ कोतवाली प्रभारी खुद चल रहे थे। वहीं सीओ सिटी भी लगातार नजर बनाए रहीं। यात्रा के साथ सुरक्षा को लेकर चल रही पुलिस टुकड़ी में पुरुष के साथ महिला आरक्षी भी कदमताल करते हुए चल रही थीं।


रथ यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार


यात्रा में शामिल श्री राधा-कृष्ण का रथ। अमृत विचार

### इन देवी-देवताओं की झांकियां रहीं शामिल

रथयात्रा में श्रीराम दरबार, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमानजी, गणेशजी व माता काली आदि की झांकियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जीवंत झांकियों को श्रद्धालु भक्तभाव से देखते हुए हाथ जोड़ प्रणाम करते रहे। यही नहीं देवी-देवताओं का स्वरूप धरे कलाकार नजर पड़ने पर भक्तों को अभयमुद्रा में आशीर्वाद देते रहे।

### जगह-जगह हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार को निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में नगरवासी भी पीछे नहीं रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शर्बत वितरण और भंडारों की व्यवस्था की गई, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों का धन्यवाद किया। राजधानी मार्ग, पोनी रोड, बालूघाट मोड़, अंबिकापुरम, नेहरू नगर, सब्जी मंडी सहित कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा का स्वागत करते हुए शर्बत, पानी और भोजन का वितरण किया। मोनिका ट्रेडर्स के सामने अमरेन्द्र गुप्ता, संजू और रंजीत ने शर्बत बांटा। निषाद मार्केट के पास अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से नितिन शर्मा, अजय गुप्ता, संतोष शर्मा, राजू गुप्ता, शिशिर श्रीवास्तव और बॉबी पांडेय ने पानी व बूंदी वितरित की। आनंद नगर के सामने सभासद प्रत्यय गुप्ता व अन्य लोगों ने कढ़ी चावल का भंडारा आयोजित किया। वहीं सरस्वती टॉकीज के पास भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रही। शक्ति नगर, सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड और बालूघाट मोड़ पर भी शर्बत वितरण केंद्र लगाए गए थे।

**जगन्नाथ रथयात्रा में ने श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, शुक्लागंज (उन्नाव):** नगर में शुक्रवार शाम निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक आस्था का अद्भुत संगम बनी रही। श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित रथयात्रा ने नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजधानी मार्ग स्थित कमल वर्मा के आवास पर संपन्न हुई। रथ यात्रा का शुभारंभ कमल वर्मा के निवास पर भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ठीक शाम पांच बजे नेहरू नगर से यात्रा प्रारंभ हुई, जो गोपीनाथपुरम स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां भगवान का पूजन किया गया। वहां से यात्रा राजधानी मार्ग होते हुए अंबिका प्रसाद स्कूल, ऋषि नगर, सुभाष नगर, गांधी नगर, मिश्रा कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड होते हुए पुनः कमल वर्मा के आवास पर समाप्त हुई। रथ यात्रा में नौ आकर्षक झांकियां शामिल थीं, जिनमें भगवान शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण और देवी सरस्वती की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से एक झांकी में सजी युवतियां भजन गाते हुए रथ पर सवार थीं, जो राधिका गोरी से ब्रज की छोरी से जैसे भक्ति गीतों पर नृत्य कर रही थीं। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। जहां एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अशोक सैनी, उदयभान, दीपचंद्र, सत्यम शुक्ला, मनीष शुक्ला, प्रदीप मौजूद रहे। थाना प्रभारी पी.के. मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल, यातायात पुलिस, महिला दरोगा, कांस्टेबल, पीएसी, फायर ब्रिगेड और टियर गैस टीम पूरे रूट पर मुस्तैद रही। इस अवसर पर वीरेन्द्र शुक्ला, केडी त्रिवेदी, अंकुर शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, मनोज गुप्ता, केदार तिवारी, श्रीकांत पांडे, अवनीश शुक्ला, सूर्यकुमार बाजपेई, प्रमोद त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष रंजना गुप्ता, सुरेश शुक्ला, इशांत तिवारी, राजेश गुप्ता, विकास मिश्रा, विजय तिवारी, संजय तिवारी, दुर्गा तिवारी, सरवन सिंह, डॉ तारकेश्वर पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए मिली बॉलिंग मशीन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आरएसएस कॉलेज के मैदान पर क्रिकेट कैंप और बॉलिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा बढ़ाने के लिए अच्छे ढंग से प्रैक्टिस करें और उन्नाव के खिलाड़ी देश-प्रदेश में अपना नाम रोशन करें।

सदर विधायक पंकज गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा, रणजी खिलाड़ी राहुल सप्रू ने फीता काटकर बॉलिंग मशीन का उद्घाटन किया। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य पवन मिश्रा ने खिलाड़ियों को अपने कॉलेज की ग्राउंड उपलब्ध कराते हुए कहा कि छात्रों के हित में आगे भी मुझसे जो सहयोग जिला क्रिकेट एसोसिएशन चाहेगा हम उपलब्ध कराएंगे। पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों को बॉलिंग मशीन से खेल कर अपने खेल में और निखार लाने को प्रेरित किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने कहा कि हम खिलाड़ियों के हित में जितना हो सकेगा उतना प्रयास करेंगे। अरविंद श्रीवास्तव सचिव यूपीसीए ने कहा कि जिले के क्रिकेट को बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करते रहेंगे। संजय राठी कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष, नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, शिवम सिंह, संजय श्रीवास्तव, सभासद बृजेश पांडे, जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सबरवाल, राजेश शुक्ला, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, आदित्य, शिवम, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनाली कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।


बॉलिंग मशीन का उद्घाटन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

▶▶ **जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराया गया मशीन का उद्घाटन**

## कांग्रेस ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**उन्नाव:** कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जनपदीय कार्यकारिणी पर मोहर लगा दी है। इसमें एक कोषाध्यक्ष, 8 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव व 48 सचिव बनाए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा जारी सूची में महिलाओं सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व दिया गया है। सभी पदाधिकारीयों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहें। आगामी दिनों में सभी को दायित्व सौंपे जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी सूची मे जिला कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष शिव कुमार अवस्थी, उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, विनयदीप श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, जावेद कमाल, शान्ति कुरौल, भगवानदीन कठेरिया, रामकिशोर पाल, आभा वर्मा महासचिव, अनुराग सिंह, मंसूर अली, दीपेंद्र प्रताप सिंह, अजय गौतम, सुयश बाजपेई, विनीत कुमार, राजवती, यूसुफ फारुकी व सचिव बनवारी निषाद बनाए गए हैं।

## मुकदमे से नाम निकलवाने के नाम पर हड़पे 4.17 लाख रुपये

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रामशंकर पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल 2025 को उसके बेटे गुड्डु की पत्नी रामकुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद गुड्डू के ससुर माखी थानाक्षेत्र गांव मोल्हेखेड़ा के मजरा भदेवना निवासी रामनरेश पुत्र राम स्वरूप ने बेटे गुड्डु व बेटी सीता सहित उसके विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुड्डू को 18 अप्रैल को भेज दिया था। इसके बाद बेटी सीता समेत वह पुलिस से डरकर इधर-उधर भाग रहे थे। तभी उसके गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र रामलाल से उसकी मुलाकात हुई। उसने कहा कि उसका पुलिस और कोर्ट में अच्छा जुगाड़ है। दहेज हत्या के मामले में उन लोगों का नाम निकलवाने के बदले उसने 5 लाख की मांग की। जिस पर किसी तरह से 4 लाख 17 हजार की व्यवस्था की तो रामस्वरूप उसे अपने घर ले गया। जहां रामस्वरूप का बेटा सरोज व कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी पंकज भी था। जहां तीनों ने थाना व कोर्ट के नाम लेकर मुझसे 4 लाख 17 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद इन लोगो ने धर्मेंद्र नाम के एक आदमी से मिलवाया। जिसने अपने को लखनऊ निवासी बहुत बड़ा वकील बताकर तुरंत छुड़वा देने का आश्वासन दिया। समय गुजरता गया और मदद न मिलती देख एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है उसने उन लोगों से अपने पैसे मांगे तो वे उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी के आरोप में चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**कार्रवाई** एसडीएम ने पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के कालीमिट्टी-दबौली मार्ग व शीतला देवी चौराहे से सदर बाजार तक चलाया अभियान

# अतिक्रमणकारियों पर हुई सख्ती, तीन का चालान कर वसूला जुर्माना

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित है। एसडीएम ने शुक्रवार को नगर पंचायत की टीम के साथ दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ने तीन दुकानदारों का चालान कर जुर्माना भी वसूला।

बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र के कालीमिट्टी-दबौली मार्ग व शीतला देवी चौराहे से सदर बाजार तक स्थानीय दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से आवागमन प्रभावित है। नगर पंचायत द्वारा समय-समय पर पटरी व रेडी दुकानदारों व पक्के दुकानदारों द्वारा मार्ग पर किए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये जाते रहते हैं। लेकिन, दुकानदारों द्वारा इस पर ध्यान न दिए जाने पर शुक्रवार को एसडीएम/अधिशाषी अधिकारी सफीपुर शिवेंद्र कुमार ने नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदो व नगर पंचायत टीम के साथ कस्बे में भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने बूढ़े बाबा बाजार के पास काली मिट्टी दबौली मार्ग पर तीन दुकानदारों का चालान काटकर जुर्माना भी वसूला। इसमें पंचायत कर्मी, पुलिस व प्रशासन की टीम मौजूद रही।


नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाती टीम। अमृत विचार

### एसडीएम से की कब्रिस्तान को कब्जामुक्त कराने की मांग

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के आधा सैकड़ा नागरिकों ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर आवामी कब्रिस्तान पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। नगर निवासी जावेद, अब्दुल जलील, नजमा, रूबी, कौसर, रुबीना, नूरी व नूर आलम सहित करीब आधा सैकड़ा लोगों ने शुक्रवार को एसडीएम शुभम यादव को दिये पत्र में कहा कि नगर के अहिरन पुरवा मार्ग पर रोडवेज बस अड्डे के पास पुश्तैनी कब्रिस्तान है। यह कब्रिस्तान राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है। जिसमें हजारों कब्रें मौजूद हैं। इस कब्रिस्तान पर नगर निवासी आफताब खान व इंतजार पुत्र जुम्मन खान अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थनापत्र में कब्रिस्तान की सुरक्षा की मांग की गई है। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।


एसडीएम को प्रार्थनापत्र देने पहुंचे क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

### जगन्नाथ रथ यात्रा के चलते शुक्लागंज में लगा जाम

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर में निकली श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान शुक्लागंज में विभिन्न मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। यात्रा के कारण उन्नाव की ओर से आने वाले वाहनों को सहजनी की ओर डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ वाहन जो आगे बढ़ चुके थे, उन्हें मरहला चौराहे से वापस मोड़ा गया। इसके बावजूद फोरलेन, पोनी रोड, बालूघाट मोड़ और नवीन पुल पर दिनभर जाम लगा रहा। नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर जैसे ही फोरलेन पर पहुंची, प्रशासन ने एक लेन से यात्रा निकालते हुए दूसरी लेन पर यातायात डायवर्ट किया। इससे दोनों ओर से वाहनों की कतारें लग गईं। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को तंग गलियों से होकर गुजरना पड़ा, जिससे कई जगहों पर स्थिति और भी विकट हो गई। शाम के समय जब रथ यात्रा पोनी रोड पहुंची, तो वहां का संकरा मार्ग भी भारी वाहनों और भीड़ के दबाव में आ गया, जिससे घंटों लंबा जाम लग गया। रात तक वाहन रेंगते नजर आए।

### उमड़ी भीड़ के बीच टूटीं दो महिलाओं की सोने की चेन

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार को निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान भारी भीड़ का लाभ उठाकर शातिर चोरों ने दो महिलाओं की सोने की चेन तोड़ ली। इस घटना से रथ यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। घटना नेहरू नगर स्थित बालेश्वरी भवन के पास उस समय हुई जब रथ यात्रा राजमार्ग पर पहुंची। भगवान की आरती उतारने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आगे बढ़ीं। भीड़ की आड़ में आनंद नगर निवासी भाजपा नेता जितेन्द्र अवस्थी की पत्नी विनीता अवस्थी के गले से करीब दो तोला सोने की चेन किसी अज्ञात शातिर ने तोड़ ली। चेन टूटने की जानकारी होते ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। एनाउंसमेंट कर मौके पर मौजूद पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन तब तक चोर भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो चुके थे। इसी दौरान एक अन्य महिला की भी सोने की चेन चोरी होने की बात सामने आई।

### रथ यात्रा और रोस्टिंग के चलते 9 घंटे तक बिजली गुल


**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार को तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच शुक्लागंज की लाखों की आबादी बिजली संकट से कराह उठी। दोपहर डेढ़ बजे से शुरू हुई रोस्टिंग और फिर श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा कारणों से की गई बिजली कटौती के चलते नगर की आपूर्ति करीब 9 घंटे तक ठप रही। जानकारी के अनुसार, रथ यात्रा को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर उपखंड अधिकारी ने नगर के फीडर 1, 2, 3 और 4 की विद्युत आपूर्ति दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रखने का आदेश दिया था। इससे पहले ही दोपहर करीब डेढ़ बजे से तीन बजे तक रोस्टिंग कर दी गई। रथ यात्रा में देरी के कारण इसका समापन रात आठ बजे के बाद हुआ, जिससे विद्युत आपूर्ति बहाल होने में और देरी हो गई। मिश्रा कॉलोनी फीडर को छोड़कर बाकी सभी फीडरों की आपूर्ति बंद रही। गर्मी के कारण लोग दिनभर बेहाल रहे। कई इलाकों में पानी की किल्लत भी उत्पन्न हो गई।

## सार-संक्षेप

### भारत विकास परिषद ने मनाई संस्थापक जयंती

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत, शाखा शुक्लागंज के तत्वावधान में शुक्रवार को परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश की दूरदर्शिता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा की भावना ने भारत विकास परिषद की नींव रखी। उनका राष्ट्र प्रेम, सहयोग और संस्कार आधारित दृष्टिकोण आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा स्थापित संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के मूल सिद्धांत समाज में राष्ट्र भावना को मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, सचिव राजीव मिश्र, कोषाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, प्रांतीय मार्गदर्शक आशुतोष शुक्ला सहित संतोष तिवारी, अनुज तिवारी, सत्य कुमार उपाध्याय, अंजनीकांत मिश्र, दुर्गा प्रसाद शुक्ला और सूरज शुक्ला आदि मौजूद रहे। सभी ने डॉ. सूरज प्रकाश को श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### एसपी ने परेड में देखी मातहतों की चुस्ती, ली सलामी


परेड का निरीक्षण करते एसपी व सीओ लाइन। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस मैदान में हुई साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। शुक्रवार को एसपी ने सबसे पहले साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण भी किया। परेड में पुलिस लाइन का बल व विभिन्न कार्यालयों व थानों में नियुक्त पुलिस कर्मी व रिक्रूट शामिल रहे। परेड के निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, बैरिक, क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, पीआरवी वाहन, गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीओ लाइन प्रदीप मौर्य, अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कवि सुरेश पकड़ के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**उन्नाव, अमृत विचार :** ओज और श्रृंगार की कविताओं से जिला, प्रदेश व देश भर में अपनी धाक जमाने वाले पुरोधा कवि व एडीओ पंचायत पद से सेवानिवृत सुरेश फक्कड़ का शहर के मोहल्ला पीडी नगर स्थित उनके आवास पर शुक्रवार दोपहर बाद निधन हो गया। वे बीते काफी समय से गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। डाक्टरों के जवाब देने पर परिजन उन्हें घर ले आए थे। उनके निधन पर मोहल्ले वासी शिक्षक, डॉक्टर व विधायक पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक मे शासन की योजनाओं पर हुई चर्चा

**संवाददाता, परियर उन्नाव, अमृत विचार :** सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक परिसर में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सिकंदरपुर सरोसी की बैठक ब्लॉक प्रमुख सिकन्दरपुर सरोसी कुशला देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता व विष्णु प्रकाश बाजपेई प्रतिनिधि एमएलसी राजबहादुर सिंह चन्देल भी मौजूद रहे। वहीं, बाल विकास परियोजना अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी, प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी सिकंदरपुर सरोसी व विकास खंड के अंतर्गत तैनात अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बैठक में मौजूद सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधान अगेहरा बिटान, प्रधान बरवट संजय कुमार, प्रधान फतेउल्ला नगर दिनेश कुमार, अकबरपुर दबौली के क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला सिंह, स्वकरना के क्षेत्र पंचायत सदस्य अजयकांत वर्मा, मोमिनपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर, कटरी मरौंदा मझवारा के क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश ने बैठक में विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी चाही तो विभागीय अधिकारियों व बीडीओ ने जानकारी दी।

### ट्रैक्टर हटाने की बात कहने पर पड़ोसी पर हमला

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार :** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव शाहपुर बुजुर्ग निवासी मंजू देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पति रामजीवन ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने जा रहे थे। रास्ते में पड़ोसी शिशुपाल अपने बेटों संदीप व दिलीप के साथ ट्रैक्टर लिए खड़े थे। ट्रैक्टर हटाने के लिए कहने पर तीनों ने गालीगलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी और पति को दौड़ा लिया। पति ट्रैक्टर लेकर घर आ गए तो उन लोगों ने घर पर चढ़ाई कर दी और धारदार हथियार (तब्बल) से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल होकर बेहोश हो गए। बचाने आए ससुर शंभुलाल व बेटे प्रदीप को भी उन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां रामसजीवन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दरोगा कृष्णेंद्र कुमार ने टीम समेत वांछित संदीप व दिलीप पुत्र श्रीपाल को बरुवाघाट गांव के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### प्रशिक्षण के लिए 5 जुलाई तक आवेदन करें शिल्पकार

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला से जुड़े परम्परागत कामगारों के कौशल सुधार के लिये माटीकला शिल्पकारी का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र डालीगंज लखनऊ में होना है। जिसमें उन्नाव के 15 लाभार्थियों को माटीकला के विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान व मास्टर ट्रेनर द्वारा क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जायेगा। बताया कि इस प्रशिक्षण के लिये इच्छुक लाभार्थी माटीकला के पोर्टल पर 5 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### युवक ने पिया पिपरमेंट का तेल, रेफर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरा निवासी सोनेलाल (30) पुत्र रामऔतार ने करीब चार महीने पहले हरियाणा प्रांत में एक युवती से शादी कर उसे दो माह पूर्व अपने गांव ले आया था। बीती रात युवती अचानक घर से लापता हो गई। इसी दुख में सोनेलाल ने शुक्रवार दोपहर बाद घर में रखा पिपरमेंट का तेल पी लिया। परिजन आनन फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# उपद्रव के मास्टर माइंड समेत 170 पर मुकदमा दर्ज

## दांदरपुरा कांड : आरोपियों में 20 नामजद व 150 अज्ञात, सुरक्षा को देखते गांव के रास्तों पर लगाई गई पीएसी व पुलिस बल

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार** । दांदरपुरा गांव में भागवत कथा कहने आये भागवताचार्यों के जाति छुपाने से उपजा बवाल थम नहीं रहा है। जाति छुपाने पर भागवताचार्यों की जिन आक्रोशित युवाओं ने चोटी काटकर नाक रगड़वाई थी उनको सबक सिखाने के नाम पर गांव के बाहर पहुंचकर उपद्रव करने की घटना के मास्टर माइंड समेत 170 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी बकेवर की ओर से दर्ज कराये मुकदमे में 20 नामजद व 150 अज्ञात शामिल हैं। पुलिस अज्ञातों की शिनाख्त करने के साथ ही मुख्य आरोपी मास्टर माइंड की भी तलाश कर रही है। घटना के चलते पांच दिनों से गांव के लोग दहशत में हैं। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गांव में गुरुवार की दोपहर से ही पीएसी व पुलिस तैनात कर दी है।


गांव के बाहर मौजूद पुलिस व पीएसी बल। अमृत विचार

- इटावा के दांदरपुरा में कथा वाचकों से हुई अभद्रता का मामला
- निष्पक्ष जांच के लिये झांसी भेजी गई विवेचना

गांव में सामूहिक भागवत कहने आये भागवताचार्य मुकट मणी यादव व सहयोगी संत सिंह यादव ने अपनी जाति छुपायी थी। इस पर दोनों के साथ अभद्रता की गयी थी। बाद में इनके खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनवाने और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। इससे यादव समाज के युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। युवाओं ने मेरठ के रहने वाले इंडियन रिफार्म्स आर्गेनाइजेशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव के आह्वान पर बकेवर कस्बा, नेशनल हाईवे पर जाम लगाया था। गांव में घुसकर भागवताचार्यों के साथ घटना करने वालों को सबक सिखाने जाने पर पुलिस ने गांव के बाहर ही रोका था, तब इन्होंने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस ने गगन यादव समेत 20 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 150 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया। पुलिस ने इनमें से 19 को गिरफ्तार किया था और इनको शुक्रवार को जेल भेज दिया गया । इनमें एक कालेज के प्रधानाचार्य व तीन शिक्षक भी शामिल हैं। पुलिस अब गगन यादव की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उधर अज्ञातों की भी वीडियो व अन्य माध्यम से शिनाख्त की जा रही है। गांव में तीन सेक्शन पीएसी पुलिस को तैनात किया गया है।

**विवेचनाएं झांसी परिक्षेत्र में होगी :** बकेवर क्षेत्र के गांव दांदरपुरा में कथावाचक के साथ हुई घटना के बाद कथा वाचक की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। वहीं परीक्षित की तहरीर पर कथा वाचक के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनवाकर अपनी पहचान छिपाने के मामले में मामला दर्ज किया गया था। मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच के लिए दोनों अभियोगों की जांच को झांसी भेजा गया गया है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया के मुकदमा अपराध संख्या 169 व 175 की विवेचना अन्य जिलों से कराई जा रही है। सभी कागजातों को झांसी परिक्षेत्र झांसी को भेजा जा रहा है।

### परशुराम सेना के पदाधिकारी दांदरपुरा पहुंच लिया हालचाल

**महेवा।** समाजवादी पार्टी के पूर्व सचिव एवं सक्रिय सदस्य मोहन चन्द्र बाजपेई उर्फ बंटू बाजपेई ने ग्राम दांदरपुरा पहुंचकर ब्राह्मण समाज से संपर्क कर उनसे हालातों की जानकारी ली । उन्होंने इस घटना के विरोध में सपा की सक्रिय सदस्यता से स्तीफा देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की दोहरी राजनीति से आहत होकर स्तीफा देने का निर्णय लिया । इसके अलावा परशुराम सेना के जिला उपाध्यक्ष रवि पंडित के साथ कपिल तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, अनुज पंडित, उदय तिवारी, शिवांग दीक्षित, प्रियांशु तिवारी, मुन्ना तिवारी, सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने ग्राम दांदरपुर पहुंचकर ब्राह्मणों के साथ हो रहे अत्याचार का विरोध किया और कहा कि यदि किसी ब्राह्मण को क्षति पहुँचाने का प्रयास किया तो हम चुप नहीं बैठेंगे ।

# पुलिस मुठभेड़ में टप्पेबाज को लगी गोली, दो दबोचे

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक पखवारा पहले क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के फायर करने पर जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बता दें कि 10 जून को ब्लाक तालग्राम के ग्राम जहांगीरपुर निवासी वृद्ध किसान लंकुश वर्मा पुत्र रामविलास वर्मा दोपहर के समय साइकिल से मलिकपुर स्थित बैंक में 81 हजार रुपये जमा करने जा रहा था। रुपये, खाना, बैंक पासबुक, आधार व अन्य सामन झोला में रखकर साइकिल के हैंडल पर टांग लिया। जैसे ही वह मार्ग पर स्थित नलकूप के निकट पहुंचा पीछे से आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने उसे रोक लिया और झोला लेकर फरार हो गए। कुछ दूरी पर खाली झोला व अन्य सामान पड़ा मिल गया था। मामले में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शुक्रवार तड़के करीब 03 बजे कोतवाल आलोक कुमार दुबे, उप निरीक्षक दीपक कुमार पुलिस टीम के साथ नदसिया तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेंकिंग कर रहे थे। इस दौरन दो लोग बाइक से आते दिखाई दिए दिए जिन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर पीछे बैठे व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया और नदसिया से अनौगी जेल रोड पर बाइक से भागने लगे। पीछा करने पर बाइक फिसल गई। आरोपी पैदल भागने लगे और फिर से पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाब में फायरिंग की जिससे एक के दाहिने पैर में गोली लग गई जबकि ललकारने पर साथी सड़क किनारे हाथ ऊपर करके खड़ा हो गया।


घायल आरोपी को उपचार के लिए ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

दोनो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ पर घायल ने अपना नाम बाबूद्दीन पुत्र नजरूद्दीन उर्फ छोटेशाह निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जिला कानपुर देहात व दूसरे ने रूस्तम पुत्र सरवर अली निवासी आनन्द नगर रावेल गेस्ट हाऊस के पास रावतपुर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर बताया। पुलिस ने आरोपियों से 15 हजार रुपये, दो तमंचा, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

### मुठभेड़ के बाद लूट के तीन आरोपियों को पकड़ा

**महोबा।** थाना अजनर में करीब 17 दिन पूर्व शराब ठेकेदार से अज्ञात गिरोह ने 5 .65 लाख रुपये की लूट की थी। पुलिस टीम ने सीगोन गांव के जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरगना का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 .10 लाख रुपये, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के दौरिया गांव के हैं। पुलिस ने आरोपियों से 3 .10 लाख रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, बिना नंबर की काली पल्सर बाइक और लूट की रकम से खरीदे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घायल राकेश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अब आरोपियों के अपराधिक इतिहास खंगालते हुए शेष रकम की बरामदगी के प्रयास में जुट गई है। सरगना राकेश प्रजापति के खिलाफ मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के जालौन में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

# नाले में उतराता मिला बच्चे का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, एरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में 10 वर्षीय बालक का 15 फीट गहरे में नाले उतराता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। जब ग्रामीणों ने उसका शव उतराता देखा तो सूचना पुलिस को दी। नाले में मिले शव की पहचान मनोज कुमार के 10 वर्षीय पुत्र पियूष यादव के रूप में हुई है।बच्चे के चेहरे पर चोट के कई निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्याकर शव फेंकने का आरोप लगाया है।


पियूष।

पियूष गुरुवार को दोपहर 3 बजे अपनी बड़ी बहन रश्मि के साथ भैंस चराने गया था। भैंसों के ऊसर की तरफ जाने पर रश्मि डंडा लेने घर आ गई। वापस लौटने पर उसे पियूष नहीं मिला। रश्मि को लगा कि वह घर लौट गया होगा। शाम 6 बजे जब रश्मि घर पहुंची तो पता चला कि पियूष घर नहीं आया है। परिजनों ने आसपास के खेतों में तलाश की और थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को घर से करीब 400 मीटर दूर बरसाती नाले में शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के चाचा शरद यादव ने बताया कि पियूष के चेहरे पर चोट के निशान हैं। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। उनके अनुसार जहां शव मिला, वह बरसाती नाला है जिसे जेसीबी मशीन से खोदकर गहरा कर दिया गया है। बरसात में यह तालाब जैसा दिखता है। घटना से परिवार में शोक की लहर है। पियूष के पिता, भाई आयुष और बहन रश्मि का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी तक परिजनों की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## सार-संक्षेप


शुक्रवार शाम बड़े ही भव्यता के साथ रथयात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### प्रभु जगन्नाथ ने किया रामनगरी का भ्रमण

**अयोध्या।** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर रथयात्रा की परंपरा का केंद्र तो पुरी जगन्नाथ धाम होता है पर आस्था की यह परंपरा राम नगरी अयोध्या में भी प्रवाह मान रहती है। अयोध्या रामकोट क्षेत्र स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर समेत 12 मंदिरों से शुक्रवार शाम बड़े ही भव्यता के साथ रथयात्रा निकाली गई। जो परंपरागत मार्ग कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दिगम्बर अखाड़ा के रास्ते रामघाट से होते हुए सरयू तट पहुंची। जहां आरती-पूजन के बाद रामपथ होते हुए मंदिर पर इस यात्रा का समापन हुआ। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को भगवान का अभिषेक पूजन के बाद शाम को भव्य आरती के बाद गर्भगृह के कपाट भक्तों के लिए खोल दिया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तों ने भगवान के दर्शन किए।

### स्टेशन पर मोबाइल के लिए भिड़े पति-पत्नी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित रागौल रेलवे स्टेशन पर पति-पत्नी के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। घटना में पत्नी ने अपने पति से मोबाइल फोन मांगा। पति के मना करने पर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।पत्नी को संदेह था कि उसका पति किसी अन्य महिला से फोन पर बातचीत करता है। वह कॉल डिटेल चेक करना चाहती थी। पति द्वारा मोबाइल देने से इनकार करने पर पत्नी ने फोन छीनने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी की मां भी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने अपने दामाद को रोकने का प्रयास किया। स्टेशन पर मौजूद लोग मारपीट देखते रहे।

### राठ में शराबी शौहर ने बीवी को बेरहमी से पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के महबूबनगर नई बस्ती की महक तहरीर देकर बताया कि उसका पति अनीफ अहमद शराब का लती है। नशे में आए दिन मारपीट करता है। उसकी एक बच्ची है। पति अनीफ अहमद भरण-पोषण के लिए कोई प्रबंध नहीं करता है। वह कठिनाई में जीवन जीने के लिए मजबूर है। गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया और उसके साथ गालीगलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो पति ने उसे मारा-पीटा। कोतवाल रामासरे सरोज ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### कथा वाचकों का रजिस्ट्रेशन करा कर सरकार दे लाइसेंस

**इटावा।** सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने कहा कि मुकुटमणि कथावाचक प्रकरण में पार्टी का मानना है कि ब्राह्मण बाहुल्य ग्राम में पहले से ही कथा आयोजकों को सोच समझकर पूर्व परिचित व्यास तय करना चाहिए था। व्यास कथा पढ़ने लगे फिर उसकी जाति पूछकर अपमान करना, उस पूरे अपमानजनक कृत्य का वीडियो बनाना फिर वीडियो वायरल करना पूरी रणनीति के तहत सामाजिक भाईचारे में जहर घोलने की चाल है। उन्होंने कहा यादव समाज में अच्छे स्तर की जितनी श्रीमदभागवत कथाएं होती है उनमें 95 प्रतिशत कथावाचक ब्राहमण समाज से ही होते है। जो विद्वान संस्कारवान व सन्त हृदय रखकर समाज को अच्छी दिशा देते है और भविष्य में भी देते रहेंगे क्योंकि उनकी विद्वता चरित्र व संस्कार आदरणीय है। दांदरपुर में ब्राह्मण समाज के नौजवानों का यह आचरण घोर आपत्तिजनक है।

### अब तक 5.5 करोड़ लोग कर चुके रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर निर्माण में रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री व राज्यों के गवर्नर या मुख्यमंत्री समेत करीब साढ़े चार लाख वीआईपी शामिल हैं। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। देश के लगभग सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री यहां पहुंच चुके हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी।

# वरिष्ठ व वयोवृद्ध कलाकारों को मिलेगी विशेष पेंशन:जयवीर सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बली प्रेक्षागृह के लोकार्पण अवसर पर हुई घोषणा
- कलाकारों के बैंक खातों में जाएगा पारिश्रमिक का भुगतान

**अमृत विचार:** प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विख्यात राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का जीर्णोद्धार के बाद शुक्रवार को प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लोकार्पण किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने बताया कि कलाकारों के हित में एक पारदर्शी भुगतान प्रणाली विकसित की जा रही है। जिससे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पारिश्रमिक का भुगतान सीधे कलाकारों के बैंक खातों में किया जाएगा। वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध कलाकारों के लिए विशेष पेंशन योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। जल्द ही इस पर क्रियान्वयन किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि संस्कृति और संगीत को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, जिससे लोककलाओं एवं पारंपरिक सांस्कृतिक स्वरूपों को नया जीवन व व्यापक मंच प्राप्त हो सके। प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि प्रदेश में ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रेक्षागृह में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कार्यशाला का समापन किया गया। इसमें कृतिका त्रिपाठी के निर्देशन में प्रतिभागियों ने राग भूपाली में शास्त्रीय गायन जब हृदय समर्पित होता है को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। नमन सिंह के निर्देशन में सुगम संगीत की प्रस्तुति हुई। गौरव सिंह के निर्देशन में गीत दिल है छोटा सा पर गिटार वादन सुनने को मिला। एकता मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत कथक नृत्य में गुरु वंदना एवं तीन ताल में नृत्य प्रस्तुत किया गया। सौम्या वर्मा के निर्देशन में भरतनाट्यम नृत्य में शिव स्तुति की प्रस्तुति हुई।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के स्वागत भाषण से हुई। सुप्रसिद्ध लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, संस्कृति मंत्री के सलाहकार जेपी सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को 'जीरो प्लास्टिक इवेंट' बनाने की हो रही तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में नगर विकास विभाग ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक योजना शुरू की है। कांवड़ यात्रा को 'जीरो प्लास्टिक इवेंट' बनाने की तैयारी है। जिलाधिकारियों व निकाय प्रमुखों को भेजे गए निर्देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के निर्देश दिए गए हैं।

तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल आदि के उपयोग पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कांवड़ यात्रा को "जीरो प्लास्टिक इवेंट" के रूप में आयोजित किया जाएगा। कचरे के उचित निस्तारण के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे ।

इस अभियान में एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जा रहा हैं । कांवड़ यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# मोबाइल टॉवर पर चढ़ा फरियादी मान मनौव्वल के बाद उतरा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** सोहावल तहसील क्षेत्र का युवक फिल्मी अंदाज में कलेक्ट्रेट स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। वहां से वह अपनी मांग जोर-जोर से करने लगा। इससे परिसर में हलचल मच गई। पुलिस के साथ प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। नीचे उतारने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

बरई कला सोहावल निवासी चंद्र शेखर यादव कलेक्ट्रेट परिसर में लगे मोबाइल फोन के टॉवर पर चढ़ गया। हलचल मची। कोर्ट परिसर के पुलिस चौकी को सूचना दी गई। वह एसडीएम सोहावल सहित अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कह रहा कि सुनवाई नहीं हो रही है। उसकी जमीन से चकरोड निकाल दी गई। उसके टॉवर पर चढ़े होने की खबर आग की तरह फैली। कैंट थाना प्रभारी पंकज सिंह, एफएसओ फायर टीम के साथ एसपीआर बलवंत चौधरी, सोहावल एसडीएम अभिषेक सिंह पटेल, सदर तहसील एसडीएम आरपी त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। टॉवर के नीचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षा जाल लगाया। उसे मनाने की कोशिश शुरू हुई। शुरूआत तो आठ बजे ही हो गई थी, लेकिन लगभग पांच घंटें की मशक्कत चली। कई राउंड फोन से वार्ता की गई। वह डीएम के आश्वासन देने पर अड़ा रहा। अंत में डीएम वहां पहुंचे।


टॉवर पर चढ़ा युवक।

पीडित को विश्वास में लेकर टॉवर से सुरक्षित नीचे उतारने मे कामयाबी हासिल की। डीएम को उसने चकरोड की जमीन की समस्या के बारे में बताया। चंद्र शेखर का कहना था कि चकरोड उसकी जमीन से निकाल दी गई। फरियाद के बाद भी उसको जमीन नहीं मिल रही। जिलाधिकारी ने समस्या सुनने के बाद सीआरओ सतीश मिश्र के नेतृत्व में समस्या समाधान के लिए टीम गठित की।

**सियासत** भाजपा ने सनातन का अपमान बताया तो सपा ने कहा सरकार पीडीए विरोधी

# उत्तर प्रदेश में गर्मायी कथा राजनीति, तर्क-वितर्क जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- जातियों को लेकर राजनीतिक संघर्ष जोर पकड़ता आ रहा है
- अखिलेश ने लिखा कि लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में इन दिनों कथा राजनीति गर्मायी हुई है। सत्तापक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोपों के दौर के बीच तर्क-वितर्क जारी है। दरअसल, इटावा में दो कथावाचकों के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी की घटना ने प्रदेश की सियासत में हलचल मचा रखी है। सत्तासीन दल भाजपा ने जहां इस मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को सनातन का अपमान बताया है तो वहीं, सपा का तर्क है कि, सरकार पीडीए विरोधी है।

दरअसल, इटावा घटना के बाद राज्य के गरम सियासी माहौल में कभी सपा भाजपा पर निशाना साधती है, तो कभी भाजपा पलटवार करती है। प्रदेश में कभी ब्राह्मण बनाम यादव मुद्दा बनता है, तो कभी हिंदू बनाम मुस्लिम की खींचतान और बयानबाजी। असल में जातियों को लेकर राज्य का राजनीति संघर्ष जोर पकड़ता नजर आ रहा है। इसी बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सपा पर तंज कसा है।

ओम प्रकाश राजभर का आरोप है कि, सपा में मुसलमानों की हालत गुलामों जैसी है। उन्हें अपनी बात खुलकर कहने की आज़ादी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनती है, तो अखिलेश यादव को खुद मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए। बल्कि किसी मुस्लिम नेता के बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। अखिलेश यादव को भी पीछे हटकर मुसलमानों को आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए।

वहीं, इस बहस के बीच ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अखिलेश यादव और पीडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि आप हिंदू समाज को तोड़ने के लिए खड़े हो गए। आप अल्पसंख्यक के साथ हमें खड़ा करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आप स्वप्न देख रहे हैं हम सनातनी हैं, सनातन के साथ खड़े रहेंगे। कुछ लोगों को तोड़कर आप पीडीए समीकरण बनाना चाहते हो तो ये ज्यादा दिन नहीं चलेगा।

इस बीच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह इटावा की घटना को लेकर अखिलेश यादव ने कथावाचकों का सम्मान किया, वह कहीं न कहीं यह दर्शाता है कि वह घटना को तूल दे रहे हैं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव यह बात जान लें कि अब वह समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी की ओर ले जा चुके हैं।

इससे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं। भाजपा अपने सेट किये हुए 'प्लांटेड लोगों' के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र. के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटनेवाली जो 'घुसपैठिया राजनीति' प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोगों ने उस कलाकार की ढोलक छीनकर और उस पर आरोप लगाकर अपने ही समाज की सहानुभूति खो दी है। हमारे देश की संस्कृति के सच्चे उपासक सदैव सहृदय और करुणा से भरे होते हैं, जो लोग ऐसा करते हैं, वो मानवीय मानकों पर ख़ारिज कर दिये जाने वाले अभारतीय और अमानवीय लोग होते हैं। आज संपूर्ण पीडीए समाज 'इटावा कथावाचन पीडीए अपमान कांड' के हर पीड़ित के साथ अपनी आवाज़ बुलंद कर रहा है।

# एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह कराएगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दोगुना सहयोग और सख्त निगरानी के साथ नया लक्ष्य तय हुआ है। इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसके लिए फर्मों के चयन से लेकर उपहारों की गुणवत्ता तक तकनीकी नजर होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है ताकि लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके।

# चरित्र के शक में पति ने पत्नी की नाक काटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटियों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती, तलाश शुरू
- घटना के बाद लोगों को आता देख पति भाग गया

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर में देर रात एक शराबी पति ने पत्नी पर हमला कर उसकी नाक काट दी। पति पत्नी के चरित्र पर शक करता था। बेटियों ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

संजयनगर निवासी भारती (35) ने बताया कि उसके पति ओमप्रकाश शराब पीने के आदी हैं और अक्सर मारपीट करते हैं। वह परेशान होकर करीब सात महीने पहले ओमप्रकाश से अलग संजयनगर में ही किराए के मकान में अपनी पांच बेटियों के साथ रहने लगी। आरोप है कि गुरुवार देर रात ओमप्रकाश अचानक आया और झगड़ा शुरू कर दिया। उसने धारदार हथियार से उसपर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी नाक कट गई। शोर-शराबा के बाद लोगों की भीड़ आती देख मौके से फरार हो गया। घायल हालत में बेटियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पति पत्नी के चरित्र पर शक करता था। पुलिस ने आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत



एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

## सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ




सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे- गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।

### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

## देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7% ) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

## आधार से भुगतान सेवाएं देने वालों के लिए निर्देश जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिए सेवाएं देने वाले परिचालकों को शामिल करने के लिए बैंकों को निर्देश जारी किए। आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाले बैंक को एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटर (एटीओ) को शामिल करने से पहले सभी एटीओ की उचित जांच-पड़ताल करने को कहा है। यह निर्देश ग्राहक जोड़ते समय अपनाई जाने वाली जांच-पड़ताल के समान है।

## तेल कीमतें कम हुई, सब कुछ ठीक कहना जल्दबाजी : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी दिया गया जोर
- मुद्रास्फीति में नरमी व वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति से देश की स्थिति बेहतर

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में दावा किया गया कि इजराइल-ईरान के बीच संक्षिप्त युद्ध से तेल की कीमतों में आई तेजी अब नरम पड़ी है, लेकिन सब कुछ ठीक होने का दावा करना जल्दबाजी होगा। मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वृहद-आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ा असंतुलन न होने, मुद्रास्फीति की दर में नरमी और वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति के कारण भारत की वृहद-आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

इजराइल-ईरान के बीच युद्ध और अमेरिकी हस्तक्षेप से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल आया। मंत्रालय ने कहा कि हालात ऐसे ही बने रहते तो भारत की वृद्धि और राजकोषीय संभावनाओं को खतरा हो सकता था। शुक्र है युद्धविराम हो गया है और तेल की कीमतों में गिरावट आई। इसमें कहा गया है कि तेल की वैश्विक आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन बीमा लागत और मार्ग अवरुद्ध होने के कथित जोखिम के कारण कीमत में वृद्धि हो सकती है।

## बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है।



### एक नजर

#### जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

#### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

#### जम्मू कश्मीर में तीन राष्ट्र विरोधियों पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में केंद्र शासित प्रदेश को सुरक्षा व संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 3 लोगों के खिलाफ लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि सोपोर में अभियान के तहत देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में 3 लोगों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।


- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।

## हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी



- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेंसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आई। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## हिमाचल में बाढ़ : खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू

**शिमला।** हिमाचल के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद लापता हुए 6 लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड के संयुक्त दल शुक्रवार सुबह फिर से अभियान में जुट गए।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही कुल्लू जिले के रेहला बिहाल में बादल फटने के बाद लापता हुए तीन व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) कांगड़ा शिल्पा बैक्टा ने बताया कि खनियारा गांव में मनुनी खड्ड के पास सुबह साढ़े छह बजे लापता तीन लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रात साढ़े नौ बजे अभियान स्थगित कर दिया गया। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि मौसम खराब है, भौगोलिक स्थिति कठिन है।

## तीन राज्यों में चुनावों की निगरानी को भाजपा के चुनाव अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में भाजपा के होने है संगठनात्मक चुनाव
- किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा और रविशंकर प्रसाद को सौंपी गई जिम्मेदारी

भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है और कुछ अन्य राज्य इकाइयां भी इसके तुरंत बाद ऐसा कर सकती हैं।

## एक नजर



### भारत एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**कोलंबो :** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी की अगुआई में भारत ने शुक्रवार को यहां कतर पर 3-0 की जीत से एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आडवाणी ने पूर्व विश्व चैंपियन अली अल ओबेदिली को 62-24 से हराकर लय बनाई। विश्व खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मेहता ने फिर बशर अब्दुल माजिद पर दूसरे सिंगल में 115-5 से जीत दर्जकर 2-0 से बढ़त दिलाई। युगल में आडवाणी और ब्रिजेश दमानी ने मिलकर अल ओबेदिली और माजिद को 72-5 से शिकस्त दी। अब भारत का सामना हांगकांग-1 और बहरीन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विंबल्डन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विंबलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

### प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन छठे नंबर पर खिसक गए।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।



सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, नौ ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**होव, एजेंसी**

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। • एजेंसी

# भारतीय टीम की नजर विश्व कप की तैयारी पर

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### इंग्लैंड से पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# एआईटीए ने धूपर को हटाया, सुंदर को अंतरिम महासचिव बनाया

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं।

कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। उन्होंने पिछले साल के चुनावों में किसी भी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, लेकिन अदालत द्वारा चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किए जाने के कारण वह अपने पद पर बने हुए थे। एआईटीए के उपाध्यक्ष (खेल) हिरण्मय चटर्जी ने पीटीआई से कहा हमने आज एक प्रस्ताव पारित कर धूपर को महासचिव पद से हटा दिया। हमने सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया है। वह (खिलाड़ियों की) याचिका पर भी गौर करेंगे।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला : ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

## आजादी जितना ही पुराना है

# भारत में भाषाओं का विवाद

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गये हैं और करीब एक हजार लोग बेघर हो गये हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा, बचाव ऑपरेशन जारी है।

### पाकिस्तान में भारी वर्षा के कारण सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देर रात बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और खानेवाल में बिजली गिरने से एक जान चली गई।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवतः कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### ईरान ने पूर्ण हवाई क्षेत्र खोलना आज तक के लिए टाला

**तेहरान।** ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने का निर्णय शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने शुक्रवार को ईरानी सड़क एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखवान के हवाले से कहा कि यह निर्णय यात्रियों और उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश के पूर्वी हवाई क्षेत्र को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए पुनः खोलने के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी भागों में हवाई क्षेत्र शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे (1030 जीएमटी) तक बंद रहेगा।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

# ट्रंप प्रशासन ने सेना को दी दक्षिणी सीमा पर घुसपैठियों को गिरफ्तार करने की अनुमति

**सांता फे (अमेरिका)।** अमेरिका का रक्षा विभाग देश की दक्षिणी सीमा पर एक सैन्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है, जहां सैनिकों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है ताकि उन पर राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ के आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सके।

- **सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के बाद बढ़ाई गई सैन्य तैनाती**

वायुसेना ने सोमवार को टेक्सास में सीमा के साथ 400 किलोमीटर लंबे एक संकरे हिस्से को अपने क्षेत्र में शामिल करने की घोषणा की। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के बाद बढ़ रही सैन्य तैनाती का हिस्सा है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना को भी सीमा पर एक नया राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि नए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में सेना की जिम्मेदारियों में बेहतर निगरानी और पहचान और घुसपैठ करने वाले लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेना एवं उन्हें संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपना शामिल है।

# योजनाओं में कटौती के मुद्दे पर लेबर पार्टी में विद्रोह

**लंदन, एजेंसी**

- **पराजय के डर से अपने रुख से पलटे ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया 'यू-टर्न' है।

सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा।

सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में 'इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज' थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी।

# चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- **शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान**

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

# न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



- **बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा**

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

## निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है। अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।